# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 42 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 11 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3


बेटी को गोद में लेकर 16वीं मंजिल से कूदी





P- 4

पेट्रोल पंप के फर्जी लाइसेंस बनाकर धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय


P- 5

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने पंजाब को दी 4 हजार करोड़ रुपए की सौगात





P- 6

अफ्रीकी क्रिकेटर केशव महाराज को राम भजन देता है ऊर्जा




## हैप्पी मॉर्निंग

मेंढक पप्पू से- तुम्हारे पास दिमाग नाम की कोई चीज़ है क्या पप्पू- है। मेंढक- नहीं है। पप्पू- अरे भाई, बोला ना है। मेंढक- नहीं है, नहीं है, नहीं है और यह बोलते हुए मेंढक कुए मे छलांग लगा देता है। पप्पू- हे भगवान, इसमें आत्महत्या करने वाली तो कोई बात नहीं थी




## शायरी

चैन ओ अमन का देश है मेरा,
इस देश में दंगा रहने दो
लाल हरे में मत बांटो, इसे शान ए
तिरंगा रहने दो

## अर्थसार

सेंसेक्स:
71,657.71
+271.50 (0.38%)
निफ्टी:
21,618.70
+73.85



## मौसम



अधिकतम : 17 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 7 : 20
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 48

# उत्तर भारत को मिलेगी शीतलहर से राहत

## दिल्ली-एनसीआर में बीते कई दिनों से सूर्य देव के दर्शन भी लोगों को नसीब नहीं हुए

नई दिल्ली। घना कोहरा, शीतलहर और लो विजिबिलिटी पूरे उत्तर भारत को अपने गिरफ्त में ले रखी है। पिछले चार-पांच दिनों से दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में सर्दी का सितम जारी है।

दिल्ली में तो बीते कई दिनों से सूर्य देव के दर्शन भी लोगों को नसीब नहीं हुए। उत्तर भारत के कई राज्यों में कोल्ड-डे की स्थिति बनी हुई है। इस ठिठुरन से लोगों को कब राहत मिलने वाली है इस तारीख का अब मौसम विभाग ने ऐलान कर दिया है।

मौसम विभाग के मुताबिक कल यानी 11 जनवरी से उत्तर पश्चिम भारत में कोल्ड डे से गंभीर कोल्ड डे की स्थिति कम होने वाली है। कल से गलन वाली ठंड से लोगों को राहत मिल सकती है।



वहीं मौसम विभाग ने अगले 4-5 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की भविष्यवाणी की है।

### दिल्ली में कोल्ड डे को लेकर जारी किया गया अलर्ट

दिल्ली के मौसम की बात करे तो, बुधवार को भी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में कुछ कम कोहरा देखा गया और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साल के इस समय के लिए सामान्य है। शहर के कुछ हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया।

### राजस्थान में रहा सबसे ठंडा दिन

मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 5 से 10 और मध्य प्रदेश व बिहार के अलग-अलग हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 से 13 दर्ज किया गया। वहीं, आज सीकर (पूर्वी राजस्थान) में सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.8 दर्ज किया गया।

### आईएमडी ने घने कोहरे को लेकर दी चेतावनी

जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी राजस्थान और पूर्वी मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर बहुत घना कोहरा छाया रहा। पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, बिहार, हरियाणा, ओडिशा और त्रिपुरा में घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और त्रिपुरा में घना कोहरा छा सकता है।

### इन राज्यों में हुई बारिश

तमिलनाडु में भी भारी से बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई। केरल, तटीय कर्नाटक, मध्य महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार के दक्षिणी द्वीप समूह और उत्तरी मध्य प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश हुई। पूर्वी गुजरात, दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और कोंकण और गोवा में हल्की बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश और लक्षद्वीप में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हुई।

# मणिपुर सरकार ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मंजूरी दी

## कहा- कानून एवं व्यवस्था को देखते हुए इसमें सीमित संख्या में ही लोग शामिल हों

**दिल्ली/इंफाल।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले से ही शुरू होगी। राज्य सरकार ने बुधवार शाम इसकी मंजूरी दे दी। हालांकि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश में कहा गया कि राज्य में कानून एवं व्यवस्था को देखते हुए इस यात्रा में सीमित संख्या में ही लोग शामिल हों। इसके साथ ही यात्रा में शामिल होने वालों की संख्या और उनके नाम मजिस्ट्रेट ऑफिस को पहले से देना होंगे।

आदेश में आगे बताया गया कि इंफाल पूर्वी जिले के एसपी ने एक रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कहा गया है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उद्घाटन समारोह के दौरान भारी भीड़ होने की उम्मीद है।





राज्य में मौजूदा कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, भारी भीड़ से समस्या पैदा हो सकती है। इसके अलावा इंफाल पूर्वी जिले में धारा 144 भी लागू है।

आठ दिन पहले कांग्रेस ने इंफाल के हप्ता कांगजीबुंग मैदान से यात्रा को हरी झंडी दिखाने की अनुमति मांगी थी। लेकिन, पहले सुरक्षा का हवाला देते हुए प्रशासन ने यात्रा की अनुमति नहीं दी थी।

इधर, दिल्ली में आज सुबह कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल ने इस यात्रा का रोड मैप और पैम्फलेट जारी किया।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, गोलीबारी और बम धमाकों से तनाव; चार नागरिक भी लापता

बिष्णुपुर। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच हिंसक घटनाओं के कुछ महीने बाद एक बार फिर हिंसा सामने आई है। बुधवार को बिष्णुपुर जिले में बम धमाकों और गोलीबारी की एक घटना सामने आई है। गोलीबारी की घटना जिले के कुंबी और थौबल जिले के वांगू के बीच हुई है। जिस इलाके में गोलीबारी हुई थी, उसके पास अदरक की कटाई करने गए चार लोग लापता हो गए। स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि गोलीबारी से पहले छह राउंड मोर्टार फायरिंग हुई थी। इलाके में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर कड़ी



निगरानी की जा रही है। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में बुधवार को गोलीबारी और बम धमाकों की घटना सामने आई है। इस घटना में चार लोगों के लापता होने की खबर है। जिनकी पहचान ओइनाम रोमेन मेइतेई (45), अहनथेम दारा मेइतेई (56), थौदाम इबोम्चा मेइतेई (53) और थौदाम आनंद मेइतेई (27) के रूप में की गई है। घटना के बाद कुंभी पुलिस स्टेशन में इनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इससे पहले भी नए साल पर 1 जनवरी को थौबल के लिलोंग इलाके में अज्ञात हथियारबंद बदमाशों और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हुई थी। पुलिस के मुताबिक झड़प में चार लोगों की मौत हो गई थी। गौरतलब है कि पिछले साल मई महीने में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच झड़प के बाद पिछले कुछ महीनों में रुक-रुक कर हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें अब तक 180 लोगों की जान जा चुकी है।

## बाल अधिकार आयोग का यू-ट्यूब को नोटिस

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने माता - पुत्र को लेकर अश्लील तथा आपत्तिजनक विषयवस्तु और वीडियो के प्रदर्शन के लिए सोशल मीडिया वेबसाइट यू- ट्यूब को नोटिस जारी किया है और 15 जनवरी तक जवाब देने का कहा है। एनसीपीसीआर के प्रमुख प्रियंक कानूनगो ने बुधवार को भारत में यू-ट्यूब की 'सरकारी मामले एवं जन नीति विभाग की प्रमुख' मीरा चट्ट को एक नोटिस जारी किया और उन्हें 15 जनवरी तक कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से पेश होने को कहा।

# भाजपा को हराने के लिये होना होगा एकजुट

**लखनऊ** ।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में निर्णायक रहने वाली उत्तर प्रदेश की 80 सीटों को हासिल करने के लिये एकजुटता का परिचय देना होगा।

डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में सोशल मीडिया की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करने की आदी है। संविधान और लोकतंत्र पर खतरा है।2024 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक 80 सीटें उत्तर प्रदेश में है इसलिए उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी भी बड़ी है। पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा



के जाल में नहीं फंसना है। सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराने के लिए एकजुट होना होगा।

यादव ने कहा कि भाजपा का विकसित भारत का दावा झूठा है। भाजपा की 10 साल की सरकार में किसान की आमदनी दोगुनी नहीं हुई। बेरोजगारी भाजपा के लिए मुद्दा नहीं है। महंगाई से सभी त्रस्त हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। बच्चियों तक की सुरक्षा नहीं है। नौजवानों के लिए रोटी-रोजगार की व्यवस्था नहीं है। हर तरफ लूट मची हुई है। थाना-तहसील से लेकर ऊपर तक बिना लेनदेन के कोई काम नहीं हो रहा है। हर तरफ अराजकता है।

यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं जनसामान्य को उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में इलाज और दवा की व्यवस्था बेपटरी पर हैं। मरीजों को इधर से उधर रेफर करने के खेल में लोगों की जानें जा रही है। 108 और 102 डायल एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की यूपी डायल 100 पुलिस सेवा को भी भाजपा ने 112 बनाकर बर्बाद कर दिया। ठंड की ठिठुरती रातों में भी गरीबों के लिए न अलाव न रैन बसेरा की व्यवस्था है। अधिकारी जश्न की तैयारियों में लगे हैं।

हत्या

## होटल में कफ सिरप की हैवी डोज दी, पोस्टमॉर्टम में दम घुटने से मौत की बात

# पुलिस बोली- महिला सीईओ ने बच्चे का मर्डर प्लान किया

बेंगलुरु। बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी की सीईओ सूचना सेठ ने अपने 4 साल के बेटे की हत्या प्लान की थी। इसी प्लानिंग के तहत 39 साल की सूचना अपने बेटे को लेकर गोवा आई और होटल रूम में उसका मर्डर किया। गोवा पुलिस ने मर्डर के दो दिन बाद बुधवार को इस बात की आशंका जाहिर की है।

गोवा पुलिस के मुताबिक, जिस होटल के कमरे में महिला रुकी हुई थी, वहां से कफ सिरप की दो खाली बॉटल्स बरामद हुई हैं। पुलिस को शक है कि मर्डर से पहले सूचना ने अपने बेटे को कफ सिरप की हैवी डोज दी होगी। सूचना ने कफ सिरप की एक बॉटल



होटल के एक स्टाफ से मंगवाई थी। सूचना ने कहा था कि उसे खांसी है। इधर, बच्चे की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी सामने आई है।

कर्नाटक के हिरियूर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर कुमार नाइक ने बताया कि बच्चे की हत्या गला घोंटकर की गई है। ऐसा लग रहा है कि तकिया या तौलिया से गला घोंटा गया है। हाथ का इस्तेमाल नहीं हुआ है। बच्चे का चेहरा और छाती सूज गई थी। उसकी नाक से खून भी बहा था। बच्चे की मौत पोस्टमॉर्टम से करीब 36 घंटे पहले हुई थी।

### शादी के 12 साल बाद तलाक का फैसला लिया

पुलिस के मुताबिक, सूचना मूल रूप से पश्चिम बंगाल की निवासी है। वह बेंगलुरु में रहती थी। वहीं वेंकट रमन केरल के रहने वाले हैं। दोनों की 2010 में शादी हुई थी। वेंकट रमन एक एआई डेवलपर हैं। 2019 में सूचना ने एक बेटे को जन्म दिया।

हालांकि, 2020 से सूचना और उसके पति के बीच विवाद शुरू हो गया। इसके बाद दोनों ने 2022 में तलाक की अर्जी लगाई। कोर्ट ने आदेश दिया था कि सूचना के पति अपने बच्चे से हर रविवार को मिल सकते हैं। सूचना नहीं चाहती थी कि उसका पति बेटे से मिले। पुलिस को शक है कि इसी वजह से सूचना ने अपने बेटे की हत्या की होगी।

### मर्डर से पहले वेंकट ने बेटे से बात की थी

घटना के वक्त सूचना का पति वेंकट रमन जकार्ता (इंडोनेशिया) में था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि 7 जनवरी को वेंकट ने वीडियो कॉल पर अपने बच्चे से बात की थी। इसके बाद सूचना ने बेटे का मर्डर किया। गोवा पुलिस के बुलाने पर वेंकट 9 जनवरी को कर्नाटक के चित्रदुर्ग आया।

# देश में कोविड के 605 नए मामले दर्ज, चार मौतें

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत में पिछले 24 घंटे में 605 नए कोविड-19 मामले सामने आए हैं और चार मौतें हुई हैं।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, केरल और कर्नाटक में दो-दो मौतें हुईं। मंगलवार को कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और असम से कुल छह मौतें हुई थीं। इस बीच, सक्रिय मामलों की कुल संख्या सोमवार के 3,919 से गिरकर 3,643 हो गई। अब तक, जनवरी 2020 में शुरुआती प्रकोप के बाद से भारत में कोरोनोवायरस मामलों की कुल संख्या 4,50,19,819 तक पहुंच गई है, जबकि कुल मृत्यु का आंकड़ा



5,33,406 हो गया है। कुल 4.4 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से उबर चुके हैं जो 98.81 प्रतिशत की राष्ट्रीय रिकवरी दर को दर्शाती है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड के 220.67 करोड़ टीके दिये गये हैं।

# कर्नाटक विधानसभा के सामने 8 लोगों ने सुसाइड अटेम्प्ट किया

## एक ही परिवार के थे सभी, इनमें 3 बच्चे; पुलिस ने हिरासत में लिया

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में आज (10 जनवरी) दोपहर उस वक्त हंगामा मच गया जब एक परिवार के आठ सदस्यों ने विधानसभा के सामने सामूहिक सुसाइड का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने उन लोगों को बचाया और हिरासत में लिया है।

मोहम्मद मुनैद उल्लाह और शाइस्ता बानो (48) अपने परिवार के 6 अन्य सदस्यों के साथ विधानसभा के सामने पहुंचे। इनमें तीन बच्चे भी थे। सभी के हाथ में कुछ कागज और कुछ तस्वीरें थीं। साथ ही मिट्टी का तेल भी था। मोहम्मद मुनैद ने खुद पर और पूरे परिवार पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें बचा लिया।

### 50 लाख के बदले अब तक चुकाए 95 लाख रुपए

पूछताछ में मोहम्मद ने बताया कि उसने साल 2016 में अदरक की खेती के



लिए बेंगलुरु सिटी को-ऑपरेटिव बैंक से 50 लाख रुपए का लोन लिया था, लेकिन खेती में नुकसान हो गया। वह अब तक 50 लाख रुपए के लोन के बदले में 95 लाख रुपए बैंक में जमा करा चुका है। मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि उसने लोन चुकाने में राहत पाने के लिए मिनिस्टर जमीर से भी मदद मांगी थी। उनकी तरफ से मदद का आश्वासन भी मिला, लेकिन लोन का ब्याज कम नहीं हुआ।

मोहम्मद के मुताबिक, बैंक उनके 3 करोड़ के लिए घर को 1.41 करोड़ रुपए में नीलाम करने की तैयारी में है। इसलिए न्याय पाने के लिए वे परिवार सहित सुसाइड करने विधानसभा आए थे। बेंगलुरु पुलिस ने मोहम्मद और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आईपीसी की धारा 309 के तहत आत्महत्या का प्रयास करने और आईपीसी की धारा 290 के तहत पब्लिक प्लेस में हंगामा करने का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।




# पहाड़ों के मौसम का बिगड़ता मिजाज

न्यूनतम तापमान में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, जिसके चलते तराई क्षेत्रों में फसलों के समय से पहले पकने और उत्पादन में कमी आने की आशंका गहरी हो गई है।

पहाड़ मैदानों के मौसम का मिजाज साधने में मदद करते हैं। बादलों के बरसने, हवाओं में नमी भरने, नदियों को सदानीरा बनाए रखने में पहाड़ों का बड़ा योगदान होता है। उनकी हरियाली सैलानियों का मन तो मोहती ही है, अनेक औषधीय वनस्पतियां भी सहेजती है। मैदानी भागों की कृषि काफी कुछ पहाड़ों से पोषण पाती है। मगर जलवायु परिवर्तन के चलते अब पहाड़ खुद बंजर होने की तरफ बढ़ चले हैं। उत्तराखंड में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय के एक शोध से पता चला है कि इस वर्ष पिछले चालीस वर्षों की तुलना में वर्षा स्तर में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई है।

न्यूनतम तापमान में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, जिसके चलते तराई क्षेत्रों में फसलों के समय से पहले पकने और उत्पादन में कमी आने की आशंका गहरी हो गई है। शोध में वर्षा के स्तर, धूप की अवधि और वाष्पीकरण की दर पहले की तुलना में काफी घट गई है। इन स्थितियों में फिलहाल सुधार की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही। इसी तरह इस वर्ष जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर अभी तक बर्फ नहीं गिरी है। कश्मीर के जिस गुलमर्ग इलाके में इस समय बर्फ की मोटी चादर पसरी होती थी, वहां सूखा पसरा है। यही हाल हिमाचल के पहाड़ों का है।

पहाड़ों पर इस पारिस्थितिकी असंतुलन के पीछे अलनीनो प्रभाव बड़ा कारण माना जा रहा है। मौसम में शुष्कता होने की वजह से पहाड़ों पर सूखी ठंड पड़ रही है। इससे पहाड़ी इलाकों में पहुंचे सैलानियों में तो निराशा नजर आ ही रही है, कृषि उत्पादन में कमी को लेकर भी चिंता गहराने लगी है। दरअसल, धूप के घंटों और वाष्पीकरण में कमी के चलते पहाड़ी इलाकों में बादल नहीं बन पा रहे, जिससे वहां वर्षा कम हुई है। माकूल बरसात न होने से बर्फ भी नहीं पड़ रही।

बर्फ कम पड़ेगी तो प्राकृतिक जल स्रोतों का स्तर भी घटेगा। पहले ही कई पहाड़ों की झीलों, जलकुंडों आदि में जल स्तर घटने के तथ्य सामने आ चुके हैं। ताजा अध्ययनों से यह स्थिति और चिंता बढ़ा सकती है। पहाड़ों पर बिगड़ते पारिस्थितिकी संतुलन, अतार्किक ढंग से चलाए जा रहे विकास कार्यों के कारण भंगुर पहाड़ों पर अनेक भयावह नतीजे देखे जा चुके हैं। उनसे पार पाना बड़ी चुनौती है। अब उन पर बढ़ता बंजरपन नए संकट झेलने को मजबूर कर सकता है।

बढ़ते तापमान और सर्दी की अवधि में निरंतर संकुचन से गेहूं और कई दलहनी फसलों के उत्पादन में हर वर्ष कुछ कमी दर्ज हो रही है। अनियमित और असंतुलित वर्षा के कारण धान और तिलहनी फसलों का उत्पादन भी घट रहा है। ऐसे में पहाड़ों के मौसम का बिगड़ता मिजाज मैदानी इलाकों की मुश्किलें और बढ़ाएगा। मगर विडंबना है कि रोज-रोज उठ खड़े हो रहे संकटों और उनकी वजहों की जानकारी प्रकट होने के बावजूद अपेक्षित जागरूकता कहीं नजर नहीं आती। पहाड़ों और वनों की कटाई, औद्योगिक विकास के नाम पर पारिस्थितिकी के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में निर्माण कार्यों को छूट दी जा रही है।

विचित्र है कि सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि पर्यावरण विभाग की इजाजत के बगैर कहीं भी विकास परियोजनाओं को मंजूरी नहीं दी जा सकती। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ों को जिस प्रकार घायल कर दिया गया है, कचरा निष्पादन की चुनौतियां पैदा कर दी गई हैं, उसे भी रोकने के प्रयास नजर नहीं आते। ऐसे में संकटों का सामना कैसे किया जा सकता है!

# उपचुनाव मे हार से सबक ले भाजपा



**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की श्री करनपुर विधानसभा सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रूपिंदर सिंह कुन्नर ने भाजपा प्रत्याशी व राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 11261 वोटो के अंतर से हरा दिया है। सुरेंद्रपाल सिंह टीटी की हार से भाजपा की किरकिरी हुई है। भाजपा ने उप चुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जितवाने के लिए चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही मंत्री तक बना दिया था। मगर इसके बावजूद भी वह चुनाव में पराजित हो गए। देश में इस तरह कि यह पहली घटना है। जब चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया था। चुनावी प्रक्रिया के दौरान टीटी को मंत्री बनाने को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग तक शिकायत भी की थी। मगर भाजपा ने किसी भी आरोप की परवाह ना करते हुए टीटी को मंत्री पद की शपथ दिलवा दी थी। राजस्थान में भाजपा की सरकार बने अभी एक महीना भी नहीं हुआ है। उससे पहले ही सरकार को उपचुनाव में बड़ा झटका लगा है। उपचुनाव में हुई हार का असर अगले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। उपचुनाव की जीत से जहां कांग्रेस पार्टी के नेताओं का मनोबल मजबूत हुआ है जिससे लोकसभा चुनाव में वह और अधिक एकजुटता से चुनाव लड़ने का प्रयास करेंगे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां से विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर को अपना प्रत्याशी बनाया था। मगर मतदान से पूर्व ही उनकी मृत्यु होने से चुनाव स्थगित हो गया था। कांग्रेस ने मतदाताओं की सहानुभूति लेने के लिए अपने मृतक विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र रूपिंदर सिंह कुन्नर को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा था। कांग्रेस का यह दाव सफल रहा और उनका प्रत्याशी चुनाव जीत गया।

श्री गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में वैसे भी विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार काफी कमजोरी रही है। क्षेत्र की आठ में से भाजपा सिर्फ दो सीट सादुलशहर व श्रीगंगानगर ही जीत पाई है। पांच सीटों पर श्रीकरणपुर, सूरतगढ, रायसिंह नगर, संगरिया, पीलीबंगा में कांग्रेस व हनुमानगढ़ सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी विजय हुआ है। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से 94340 वोट अधिक मिले हैं। भाजपा प्रत्याशियों को पाच लाख 94 हजार 651 वोट व कांग्रेस प्रत्याशियों को छ: लाख 88 हजार 991 वोट मिले हैं। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निहालचंद मेघवाल 406978 वोटो से जीते थे।

2019 के चुनाव में भाजपा के निहालचंद मेघवाल को 897177 वोट व कांग्रेस के भरतलाल मेघवाल को 490199 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से 2023 के विधानसभा चुनाव तक जहां भाजपा कमजोर हुई है वहीं कांग्रेस मजबूत बनकर उभरी है। मौजूदा सांसद निहालचंद के खुद के विधानसभा क्षेत्र रायसिंह नगर में भी कांग्रेस के सोहनलाल नायक ने भाजपा के बलवीर सिंह लूथरा को 14025 वोटो से हरा दिया है। जबकि रायसिंह नगर सीट पर मौजूदा सांसद निहालचंद के दादा बेगाराम 1972 में, खुद निहालचंद मेघवाल 1998 में, उनके छोटे भाई लालचंद मेघवाल 2003 में विधायक रह चुके हैं। अपने खुद के विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी को नहीं जीतवा पाने से पांच बार के भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल की स्थिति कमजोर हुई है। 2023 के विधानसभा चुनाव में श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में जिस तरह से कांग्रेस ने बढ़त बनाई है। उसको देखते हुए लगता है कि अगले लोकसभा चुनाव में भी यहां से कांग्रेस का प्रत्याशी ही चुनाव जीत जाएगा।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ भी सिर मुंडाते ही ओले पड़ने वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री भी बना दिया था। मगर उनका यह दाव भी फेल हो गया और श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने सहानुभूति लहर पर सवार कांग्रेस के रूपिंदर सिंह कुन्नर को जीतकर यह दिखा दिया है कि वह किसी भी लालच में आने वाले नहीं है।

विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद हासिये पर धकेल दी गई पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी एक बार फिर मुखर होकर अपने समर्थको को लामबंद कर सकती है। हाल ही में पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीन दिन तक जयपुर में रहने के बावजूद वसुंधरा राजे ने उनसे एक बार भी मिलना उचित नहीं समझा। इससे लगता है कि उनके मन में आज भी मुख्यमंत्री नहीं बन पाने की टीस है। मंत्रिमंडल गठन में भी उनके समर्थक कई वरिष्ठ विधायकों की भी उपेक्षा की गई है। हालांकि विधानसभा उपचुनाव में हारने के बाद मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी का मंत्री पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। चुनाव के दौरान जिस तरह से घटनाक्रम चला है उसको देखकर तो यही लगता है कि भाजपा सरकार को अभी जमने में समय लगेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपने मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में भेज कर आमजन की समस्याओं का समाधान करवाना होगा। अब तक सरकार के मंत्री अधिकांशत: जयपुर स्थित सचिवालय में ही बैठते रहे हैं। मगर मुख्यमंत्री को इस परंपरा को बदलकर गांव के अंतिम छोर पर बसे गरीब की सुध लेने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा तभी लोगों को प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का एहसास होगा। मंत्रियों के फील्ड में रहने से आमजन की समस्याओं का भी तेजी से समाधान होगा इसके साथ ही सरकारी ब्यूरोक्रेसी भी सक्रिय होकर काम करेगी। राजनीति में हार जीत होती रहती है और एक उपचुनाव की हार से सरकार को निराश होने की जरूरत नहीं है। जब सरकार संवेदनशीलता से काम करेगी तो प्रदेश की जनता के दिलों पर राज भी करेगी। मंत्रिमंडल में अभी 6 पद रिक्त है। जिन पर भी मंत्रियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। जिससे सरकार और अधिक बड़े स्वरूप में काम कर सके। आगामी लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार की बड़ी परीक्षा होगी। उसमें वह कितना सफल होते हैं। इस पर उनकी सरकार का भविष्य टिका है।

# बाजार को संचालित करने वाली ताकतों की भाषा अब भी हिंदी नहीं है

कह सकते हैं कि बाजार ने हिंदी को विस्तार दिया है। बिल्कुल ऐसा हुआ है। लेकिन बाजार में वह विनिमय की भाषा के रूप में स्थापित हुई है। लेकिन बाजार को संचालित करने वाली ताकतों की भाषा अब भी हिंदी नहीं है। यह कुछ बालीवुड जैसा ही है।

आर्थिक व्यवस्था और संस्कृति के संदर्भ में भी हमें यह मानने से गुरेज नहीं होना चाहिए कि अपना देश विरोधाभासों का देश है। राष्ट्र के भाषायी सोच के संदर्भ में भी हमें रोजाना इस विरोधाभासी अंदाज से दो-चार होना पड़ता है। एक तरफ देश का एक बड़ा तबका अपनी हिंदी को लेकर स्वाभिमानी अंदाज में आगे बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ एक बड़ा तबका इस सोच को ही नकार रहा है। विविधताओं में एकता का संदेश हमें बचपन से ही घुट्टी में मिला है। सरकारें चाहे जिस भी विचारधारा की हों, लेकिन उन्होंने पाठ्यक्रमों में स्थित इस सोच को कभी हटाया नहीं। इसके बावजूद आखिर क्या वजह है कि कम से कम भाषा के स्तर पर इस एकता राग को राष्ट्र स्वीकार नहीं कर पाया है? विश्व हिंदी दिवस, इस मुद्दे पर गहन सोच-विचार का अच्छा मौका हो सकता है।

राष्ट्रभाषा और राजभाषा के बहाने चाहे जितने भी सरकारी प्रयास हुए हों, लेकिन भारत का हर हिस्सा हिंदी को लेकर कम से कम उस तरह नहीं सोच पाया है, जैसा उन्नीसवीं सदी के आखिर में बंगला और गुजराती मूल की हस्तियों ने सोचा था। 1857 की नाकामी के बावजूद तब देश में यह सोच बलवती हो चुकी थी कि अंग्रेजी दासतां से उसे मुक्ति मिलनी ही है। तत्कालीन मानस यह भी मान चुका था कि अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद जो राष्ट्र होगा, वह कम से कम तब तक के मौजूद राजनीतिक ढांचे से अलग हो। तब समाज के प्रबुद्ध लोग मान चुके थे कि आजाद भारत सिर्फ सांस्कृतिक रूप से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी एक होगा। इसी संदर्भ में विविधरंगी और बहुभाषी भारत की एक ऐसी भाषा की कल्पना भी जन्म लेने लगी, जो समूचे राष्ट्र की संपर्क भाषा बन सके। समूचे राष्ट्र की हिंदी ही संपर्क भाषा हो सकती है, पहली बार यह विचार 1875 में केशवचंद्र सेन ने दिया।

यह कम आश्चर्य की बात नहीं है कि ठीक उन्हीं दिनों देश के पश्चिमी सिरे यानी गुजरात में भी ऐसी ही सोच पल्लवित हो रही थी। गुजराती के कवि नर्मदाशंकर ने 1882 में हिंदी को लेकर कुछ वैसा ही विचार दिया, जैसा केशवचंद्र सेन का था। गुजराती समाज उन्हें नर्मद कवि के रूप में जानता है। भावी भारत की भाषा को लेकर देश के सुदूर पूर्वी इलाके से लेकर सुदूर पश्चिमी इलाके तक में एक जैसी सोच चकित करती है। क्योंकि तब आज की तरह संचार के साधन नहीं थे। मीडिया भी नहीं था। ऐसे में पूरब और पश्चिम की सोच में एक-दूसरे पर संपर्क के जरिए असर पड़ने का सवाल भी नहीं उठता। बाद के दिनों में चाहे तिलक महाराज हों या फिर गांधी, काका कालेलकर हों या विनोबा, उन्होंने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के लिए हिंदी को जो चुना, उसकी बुनियाद उन्नीसवीं सदी के आखिर में उभरा विचार ही रहा। आजादी के आंदोलन में गांधी ने हिंदी के प्रसार को जोड़कर जो उंचाई दी, उससे उम्मीद थी कि स्वाधीनता के बाद केशवचंद्र सेन और नर्मदकवि की सोच साकार हो उठेगी।

# संकट बने मालदीव के मंत्री

स्वाभाविक ही उनके बयानों को लेकर भारत और खुद मालदीव के भीतर भी तीखी प्रतिक्रिया उभरी तथा इस मसले पर आधिकारिक रूप से जवाब-तलब करने की जरूरत पड़ी।

सरकार में उच्च पद पर रहते हुए राजनेताओं को सबसे पहले अपनी भाषा और व्यवहार को संयमित और संतुलित रखने के प्रति सचेत होना चाहिए। मगर ऐसा लगता है कि मालदीव सरकार के कुछ मंत्री खुद ही अपने व्यक्तित्व की गरिमा का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझते और वे किसी मसले पर अपनी राय जाहिर करते हुए अन्य देशों के नेताओं की मर्यादा का हनन करने से नहीं चूकते। दरअसल, भारत के प्रधानमंत्री और लक्षद्वीप को लेकर उनके अनुभवों के संदर्भ में मालदीव सरकार के कुछ मंत्रियों ने जैसी बातें कीं, वे न केवल अपरिपक्व प्रतिक्रियाएं थीं, बल्कि कई लिहाज से आपत्तिजनक भी थीं।

अगर मंत्रियों को अपने देश के पर्यटन स्थलों के महत्त्व को लेकर ज्यादा भरोसा है, तो वे उसकी प्रशंसा में कई स्तर पर काम कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें अपनी भाषा बिगाड़ने और किसी देश के प्रधानमंत्री के बारे में अनर्गल बातें करने का अधिकार नहीं है। अफसोसनाक है कि मालदीव के मंत्रियों को जिम्मेदार पदों पर रहने के सलीके और अपनी बात कहने के तरीके को लेकर न्यूनतम गरिमा का ध्यान रखना जरूरी नहीं लगा।

स्वाभाविक ही उनके बयानों को लेकर भारत और खुद मालदीव के भीतर भी तीखी प्रतिक्रिया उभरी तथा इस मसले पर आधिकारिक रूप से जवाब-तलब करने की जरूरत पड़ी। गौरतलब है कि सोमवार को भारत में मालदीव के राजदूत को विदेश मंत्रालय ने तलब किया और वहां के कुछ मंत्रियों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों पर गंभीर चिंता व्यक्ति की गई। भारतीय जनमानस में भी इस मुद्दे पर आक्रोश उभरा। मामले के तूल पकड़ने पर मालदीव सरकार ने संबंधित तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया।


अव्वल तो किसी व्यक्ति या नेता के भीतर ऐसा विवेक खुद होना चाहिए कि उसके विचार, उसकी भाषा और अभिव्यक्ति परिपक्व हों और वह अपने साथ-साथ दूसरों की गरिमा का खयाल रखने का जरिया बने। सरकार में मंत्री बनने के साथ किसी भी नेता पर यह अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है कि उसकी गतिविधियों से लेकर बयान तक से खुद उसकी सरकार और उसके देश के लिए कोई असहज स्थिति न पैदा हो। अगर ऐसा स्वाभाविक तरीके से नहीं होता, तो उसे अपने पद की जिम्मेदारी और गरिमा के मुताबिक बर्ताव करने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

मालदीव के मंत्रियों ने बिल्कुल बचकाने और बेलगाम तरीके से जिस तरह अपने बातूनी होने का परिचय दिया, वह भारतीयों के लिहाज से आपत्तिजनक था और खुद उनके देश और वहां की सरकार के लिए असुविधा की स्थिति पैदा करने वाला। अच्छा यह है कि अपने मंत्रियों के बातूनीपने से उपजे हालात की अहमियत को वहां की सरकार ने समझा और उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए। हालांकि मालदीव की नई सरकार के नेता भारत के लिए सकारात्मक रुख नहीं रखते हैं और इसकी कोई बड़ी वजह नहीं है।

मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पर्यटन के जरिए अर्थव्यवस्था में एक बड़ा योगदान करने से लेकर कई स्तर पर मालदीव के लिए भारत बेहद महत्त्वपूर्ण सहयोगी रहा है और हर जरूरत के वक्त उसके साथ रहा है। अगर सरकार में शामिल लोगों की अपरिपक्व बयानबाजी की वजह से दोनों देशों के संबंधों में गैरजरूरी विवाद पैदा होता है तो इसका नाहक नुकसान मालदीव को ही उठाना पड़ सकता है। यों भी, मर्यादा का ध्यान रखते हुए अपनी भाषा और अपने व्यवहार की अभिव्यक्ति में संयम बरतना सभी स्तरों पर गरिमा को कायम रखने की प्राथमिक कसौटी है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3061




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3060 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा- 'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ. आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा- 'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला- 'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला- 'नहीं ! बैल ठेला कर लेंगे !'

छोटा- 'कन्धे पर डालकर ले चलो !'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला- 'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'

□ □ □

सीता- 'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता- 'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते !'

'कैसे ?'

'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3061



**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3060



## सूडोकु -3061

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3060 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 3061



**बाएँ से दाएँ**

1.मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5.संपत्ति-4
9.कटि,पीठ -3
10.प्रणाम,नमस्कार-3
12.अधीन-2
14.पितामह-2
15.कार्य-2
16.पराजय-2
17.अच्छे कुल का-3
19.तरंग,हिलोर-3
21.एक प्रकार की दाल-3
22.ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24.गगन,आकाश-4
25.स्वच्छ करना-5
26.आश्चर्यजनक-4
29.जो लायक न हो-4
33.उल्टी,कै-3
34.रनिवास,जनवासा-3
36.पंक्ति,लाइन-3
37.सुर,लय,आलाप-2
38.दंड,शिक्षा-2
39.पराजय-2
41.झुका हुआ -2
42.कर्म,भाग्य-3
43.भार-3
45.भूल,गलती (उर्दू-4)
46.भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.मां का दुलार-3
4.ताली की आवाज-4
5.अनुभवी-4
6.जुड़वा-3
7.दक्षिणा-2
8.राम के पुत्र-2,2
11.अभिलाषा,-4
13.क्रूस,सूली-3
16.पाचनशक्ति-3
18.ईसाई साध्वी-2
20.जीवनसाथी -5
21.गरबा,नृत्य-2
23.मालिश-3
24.दर्पण,शीशा-3
26.ईश्वर-4
27.बाग,गुलिस्तां-3
28.क्रिकेट में बनते हैं-2
30.दुलारा,पुत्र-2
31.भरोसा,विश्वास-3
32.करामात-4
34.शेविंग करना-4
35.हाथी साधने वाला-4
38.आसान,सीधा-3
40.कपड़े धोने वाला-3
42.बलगम-2
44.सरिता-2

शब्द पहेली -3060 का हल



# बेटी को गोद में लेकर 16वीं मंजिल से कूदी महिला : मां-बेटी की मौके पर मौत

## एक दिन पहले मनाया बेटे का बर्थडे; पति अमेरिका में जॉब करता है

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक महिला ने 6 महीने की बेटी के साथ सुसाइड कर लिया। वह अपार्टमेंट की 16वीं मंजिल से बेटी को गोद में लेकर कूद गई। मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। एक दिन पहले महिला ने बेटे का बर्थडे मनाया था। पति अमेरिका में नौकरी करता है। महिला अपने भाई और मां के साथ लॉ रेजिडेंसिया सोसाइटी में रहती थी।



पुलिस ने बताया कि महिला की शिनाख्त सारिका (33) के तौर पर हुई है। वह भाई-मां के साथ टॉवर-2 की 16 वीं मंजिल में रहती थी। महिला का एक 4 साल का बेटा और है। घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे की है। महिला अपने कमरे से उठी और बालकनी से नीचे कूद गई। दोनों के नीचे गिरने की आवाज आई तो सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंचे। परिवार को जानकारी दी। मां-बेटी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बिसरख थाना पुलिस को जानकारी दी गई।

सारिका के भाई ने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिन पहले ही यहां रहने आई थी। एक दिन पहले ही 4 साल के बड़े बेटे का जन्मदिन मनाया गया था। इसमें सारिका के ससुराल वाले भी शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि बहन मानसिक तौर पर परेशान थी। वह डिप्रेशन में थी। कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि परिजन और सोसाइटी में पूछताछ की गई। पता चला कि महिला डिप्रेशन में थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि इसी से परेशान होकर खुदकुशी की है। अपार्टमेंट के सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं। सोसायटी के सिक्योरिटी इंचार्ज विजेंदर कुमार ने बताया कि रात को आवाज आई। हमारी टीम मौके पर पहुंची तो वहां बच्ची और महिला के शव पार्क में पड़े थे।

## 12 घंटे इंटरव्यू के बाद कंपनियों का आवंटन

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की ओर से 14 औद्योगिक भूखंड की योजना निकाली गई थी, जिसमें 31 दिसंबर 2023 तक 220 लोगों ने आवेदन किया। इस योजना को लेकर मंगलवार को सेक्टर-18 स्थित रेडिसन ब्लू होटल में अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने साक्षात्कार लिया। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण सीईओ डा लोकेश एम भी उपस्थित रहे। आवेदन कर्ता को सुबह 11 बजे होटल बुला लिया गया था। दो चरण में 110-110 आवेदन कर्ता का साक्षात्कार लिया गया। प्रथम चरण में सुबह 11 बजे से और दूसरे चरण में शाम 5 बजे से साक्षात्कार हुआ। इस दौरान आवेदन करने वालों ने अधिकारियों अपने प्रोजेक्ट से संबंधित दस्तावेजों को दिखाया। इसमें निवेश से लेकर रोजगार का खाका शामिल रहा। इस दौरान यह भी बताया गया कि आखिर उन्होंने निवेश के लिए नोएडा को क्यों चुना है, अपना प्रोजेक्ट कितने दिन में धरातल पर उतर देंगे। नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अभी तक नोएडा में 142 तरह की तरह औद्योगिक कंपनियां सूची में शामिल थीं, जिनको बढ़ाकर 182 कर दिया गया। इनमें डिफेंस, एअरस्पेस और सेमी कंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री समेत करीब 40 नए तरह के उद्योग शामिल किए गए हैं। नई नीति में सनराइज सेक्टर का नया कॉन्सेप्ट शामिल किया गया। इसका मकसद एक ही तरह के उद्योग को एक जगह स्थापित कर क्लस्टर डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है। सनराइज सेक्टर सूचना प्रौद्योगिकी को कहा जाता है। सनराइज सेक्टर सूचना प्रौद्योगिकी को कहा जाता है, इसे अंग्रेजी में आइटी सेक्टर के नाम से जाना जाता है। इस कॉन्सेप्ट से आइटी सेक्टर को बूम मिलेगा। मानकों को तय करने को लेकर भूखंड आवंटन के 100 नंबर रखे गए।

## भंगेल बाजार की बर्तन दुकान में लगी आग

नोएडा। नोएडा के भंगेल बाजार स्थित एक बर्तन की दुकान में आग लग गई। आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग बाजार के नारायण बर्तन की दुकान में लगी। मौके पर दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि कोई जन हानि नहीं हुई है। आग सुबह करीब 11 बजे के आसपास लगी। भंगेल नोएडा का सबसे व्यस्त बाजार है। यहां आग लगते ही हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने थाना फेज-2 और दमकल विभाग को जानकारी दी। इस दौरान लोग बालटी और पाइप की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे। करीब 15 से 20 मिनट के बाद दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इसके बाद दो और गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग ऊपर की तरफ बढ़ गई थी। ऐसे में दमकल विभाग को मशक्कत करनी पड़ी। करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान आग आसपास न फैले सावधानी के तौर पर आसपास की दुकान को खाली करा लिया गया था। साथ ही बिजली सप्लाई को भी काट दिया गया था। दुकान में रखा लाखों का मॉल जलकर राख हो गया।

# वेयर हाउस से चोरी करने वाले 6 लोग गिरफ्तार

## केबल कॉपर वायर के 70 बंडल बरामद, 10 लाख रुपए है कीमत, पांच फरार

नोएडा। नोएडा के थान एक्सप्रेस वे पुलिस ने वेयर हाउस में चोरी करने वाले 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आरआर केबल कॉपर वायर के 70 बंडल बरामद किए गए। इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए आंकी जा रही है।

इनके पास से 2 स्विफ्ट डिजायर कार, 02 तमंचे .315 बोर , 04 जिन्दा कारतूस भी मिले है। इस मामले में पांच और बदमाश अभी फरार है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।



थाना एक्सप्रेस वे नोएडा में 09 और 10 सितंबर 2023 को इन बदमाशों ने सेक्टर-130 नगली वाजिदपुर स्थित वेयर हाउस से 70 बंडल तांबे का तार चोरी किया था। पुलिस ने वेयर हाउस मालिक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की।

इस दौरान इलेक्ट्रानिक सर्विलांस और मैनुअल इंटेलिजेंस के जरिए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी की गिरफ्तारी सेक्टर-134 वाजिदपुर पुश्ता के पास से की गई। इनकी पहचान रामू पाल, ओवेन्द्र उर्फ योगी, सतेन्द्र कुमार, शिवम पाल, उत्तम उर्फ राज व प्रदीप हुई है। इसमें रामू पाल और उत्तम के खिलाफ आगरा और मथुरा में भी मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि ये लोग टप्पल, जयपुर, चंडीगढ़ आदि शहरों में भी तार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रसवे पर हाईवा से टकराई पिकअप

## केबिन में फंसकर दो की मौत, राजस्थान से अमरूद लेकर जा रहे थे हरिद्वार

**जेवर।** दनकौर क्षेत्र में स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रसवे पर मंगलवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। इस घटना में एक्सप्रेसवे पर खराब खड़ी हाईवा गाड़ी से अमरूदों से भरी एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी पीछे से टकरा गई। इस भीषण हादसे में महिंद्रा पिकअप गाड़ी में सवार दो लोगों गंभीर रूप से घायल होकर गाड़ी के अंदर ही फंस गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों की तरफ से कोतवाली में कोई केस दर्ज नहीं कराया गया था। मुजफ्फरनगर जिला निवासी अब्दुल भाव (35) राजस्थान



में रहकर अमरूद की खेती करते थे। जो मंगलवार की शाम राजस्थान के सवाई माधोपुर निवासी नरसीराम सैनी (38) की महिंद्रा पिकअप गाड़ी में अमरूद भरकर हरिद्वार की ज्वाला मंडी में बेचने के लिए ले जा रहे थे।

पुलिस का कहना है कि वह ईस्टर्न एक्सप्रेसवे के रास्ते हरिद्वार को जा रहे थे। मंगलवार की रात करीब 2 बजे जब उनकी गाड़ी दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित नौरंगपुर गांव के पास पहुंची। उसी दौरान एक्सप्रेसवे पर एक हाईवे खराब स्थिति में खड़ा हुआ था। तभी महिंद्रा पिकअप गाड़ी हाईवा से जोरदार तरीके से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। साथ ही गाड़ी में सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही दनकौर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिनको रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों को बाहर निकाला लेकिन दोनों की अस्पताल में इलाज से पहले ही मौत हो चुकी थी। घटना के दौरान यमुना एक्सप्रेसवे पर गाड़ी में भरे अमरुद बिखर गए। जिसके चलते वाहनों का आवागमन भी कुछ समय के लिए बंद हो गया। बाद में एक्सप्रेसवे कर्मियों ने सभी को हटाकर वाहनों का संचालन कराया। पुलिस का कहना है कि घटना के वक्त महिंद्रा पिकअप गाड़ी की स्पीड ज्यादा थी। जिसके चलते ही यह भीषण हादसा हुआ है। बाद में स्थानीय पुलिस ने मृतकों के परिजनों को फोन पर सूचना दे दी है। जिसके बाद बुधवार की सुबह परिवार के लोग भी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच गए।

## पांच ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट की दोबारा होगी गणना

नोएडा। अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों को लागू करने के मामले में एक भी बिल्डर ने लिखित सहमति नहीं दी है। वहीं पांच ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट में नोएडा प्राधिकरण दोबारा से बकाया धनराशि की गणना कराएगा। प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह के साथ शनिवार को बैठक के बाद बिल्डर्स को उनके बकाया की जानकारी दे दी गई थी। बैठक के बाद सोमवार और मंगलवार को कोई लिखित सहमति बिल्डर्स की तरफ से नहीं मिली। लिखित सहमति आने के बाद नोएडा प्राधिकरण को फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री पर फैसला लेना है। बैठक में भी 57 प्रोजेक्ट में से 47 के ही बिल्डर शामिल हुए थे। बिल्डरों ने सीईओ को लिखित में सहमति सोमवार से देने की शुरुआत करने की बात कही थी। प्राधिकरण की गणना के मुताबिक इन 57 ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट में 7800 करोड़ रुपये बकाया है।

# दोस्त को फंसाने के लिए युवक ने खुद को मारी गोली

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बुधवार की सुबह बड़ी घटना हुई है। एक युवक ने पैसे के लेनदेन में खुद को गोली मार ली और बाद में कहा कि उसको गोली दोस्त ने मारी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। यह पूरा मामला दादरी थाना क्षेत्र का है। पुलिस काफी गंभीरता के साथ जांच कर रही है। शुरुआती जांच से पता चला है कि दोनों युवक आपस में दोस्त थे। पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ और इस विवाद में गोली चली।

### क्या है पूरा मामला

पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार सुबह करीब 8: 30 बजे की है। पुलिस के मुताबिक ऋषभ गुप्ता अपने परिवार के साथ दादरी काठमंडी में रहता है। ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र अंतर्गत अछेजा गांव में रहने वाला तनुज नागर बुधवार की सुबह ऋषभ के घर गया था। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच पैसे लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। रुपए को लेकर ऋषभ के घर में दोनों दोस्तों के बीच विवाद हो गया।

### तनुज ने खुद को मारी गोली

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्राथमिक जांच में ऐसा लग रहा है कि ऋषभ गुप्ता और उसके परिवार पर दबाव बनाने के लिए तनुज नागर ने खुद को गोली मार ली। तनुज ने अपने हाथ में गोली मारी। उसको गंभीर हालत में नवीन अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। फिलहाल तनुज की जान खतरे से बाहर है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मौके से फायर करने वाली पिस्तौल और गोली बरामद की है। पुलिस इस मामले में काफी गंभीरता के साथ जांच कर रही है।

# जेवर में किराए के मकान में मिला मजदूर का शव

**जेवर।** दनकौर कस्बे के झाझर रोड पर स्थित एक मकान की छत से गिरकर एक मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जिसका शव बुधवार को घर में पड़ा मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में मृतक के परिजनों की तरफ से कोई लिखित शिकायत पुलिस को नहीं दी गई थी।

दनकौर कोतवाली पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी बल्लू कुशवाहा (40) पिछले कई वर्षों से दनकौर कस्बे में एक किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करते थे। बुधवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि उनका शव उसके किराए के मकान में ही पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस ने देखा कि उसका सिर लहूलुहान स्थिति में है। जिसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि वह कई वर्षों से दनकौर में रहकर मजदूरी करता था। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात में छत पर बैठकर खाना खा रहा था। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि उसकी स्वयं से छत से गिरकर ही मौत हुई है।

पुलिस का कहना है कि मृतक शराब पीने का आदी था। शराब पीने की वजह से नशे में भी वह छत से गिर सकता है। वहीं पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

इस बारे में कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिवार के लोगों की शिकायत के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 'अश्योर्ड रिटर्न' का लालच देकर पैसा कराया निवेश

## 4 बिल्डरों पर सर्च पूरी, 10 करोड़ कैश और ज्वैलरी, 750 करोड़ के मिले अघोषित लेनदेन

नोएडा। कॉमर्शियल स्पेस बेचने के नाम पर नोएडा में चार बिल्डर (भूटानी इंफ्रा, ग्रुप 108, एड्वेंट, लाजिक्स) समेत दो ब्रोकर कंपनी पर इनकम टैक्स की रेड पूरी हो गई। देर शाम को सभी 28 लोकेशन से बरामद कैश ज्वेलरी और दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। इन दस्तावेजों को वेरिफाइड कराया जा रहा है। इस प्रोसेस में करीब एक महीने का समय लग जाएगा। इन छह दिनों की सर्च में इनकम टैक्स को उम्मीद से ज्यादा टैक्स चोरी करीब 750 करोड़ से ज्यादा के अघोषित लेनदेन और 1000 से ज्यादा एग्रीमेंट मिले। इसके अलावा 10 करोड़ रुपए के कैश और ज्वेलरी मिली। इस कैश रकम का कोई साक्ष्य कंपनी उपलब्ध कराई पा रही है। मनी लॉन्ड्रिंग के कोई साक्ष्य नहीं मिले है। लेकिन टैक्स चोरी का ये पूरा खेल एश्योर्ड रिटर्न पर खेला गया। ये प्रकार का लुभावने विज्ञापन है। जिसमें निवेशक प्रोजेक्ट में निवेश करता है। और उसे गारंटी दी जाती है कि पजेशन तक आपको स्पेस की लागत का इतना रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा। जिसे ये टैक्स में कम शो करते थे। इस तरह से टैक्स चोरी की गई। जिसके प्रमाण एग्रीमेंट में मिले।

### स्पेस के हिसाब से 1 से 12 प्रतिशत तक एश्योर्ड रिटर्न का करते है वादा

'एश्योर्ड रिटर्न' एक ऐसा पॉपुलर टर्म है जिसका इस्तेमाल ग्राहकों को लुभाने के लिए कॉमर्शियल और रेजिडेंशियल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में सबसे ज्यादा किया जाता है। कई डेवलपर्स अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स पर 'एश्योर्ड रिटर्न' का वादा करते हैं। पजेशन मिलने तक ग्राहकों को 1-12 प्रतिशत रिटर्न मिलने का ऑफर दिया जाता है। इस तरह के विज्ञापन के जरिए लोगों को उनका पैसा अंडर कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स में निवेश करने के लिए लुभाया जाता है। बाजार में इस तरह की स्कीम को अलग-अलग नामों से पेश किया जाता है। यहां भी भूटानी इंफ्रा और ग्रुप 108 ने लॉजिक्स के कॉमर्शियल स्पेस बेचने के लिए इसी एश्योर्ड रिटर्न का लुभावना ऑफर देकर निवेशकों का पैसा लिया।

### एश्योर्ड रिटर्न के मिले साक्ष्य

सर्च के दौरान मिले एग्रीमेंट में एश्योर्ड रिटर्न के दस्तावेज मिले है। यानी इन निवेशकों ने स्पेस का पूरा पैसा बिल्डर के खाते में जमा किया है। यही पैसा 40 प्रतिशत के हिसाब से कैश में दिया गया। अब इन दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। जिससे टैक्स चोरी का आकलन किया जा सके। वहीं फारेन इन्वेस्टमेंट के साक्ष्य भी एग्रीमेंट से मिले है। इसको लेकर जल्द कंपनियों के डायरेक्टर से पूछताछ की जा सकती है।

### एश्योर्ड रिटर्न एक प्रकार की गैर कानूनी स्कीम इससे बचे

सिक्योरिटी ऐंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने पहले ही एश्योर्ड रिटर्न को गैरकानूनी स्कीम घोषित कर रखा है। सेबी ने ग्राहकों को चेताया है कि जब भी आपको ऐसे एश्योर्ड रिटर्न ऑफर किए जाएं जो वास्तविक नहीं हैं, वहां अपना पैसा निवेश न करें। कई ग्राहकों ने पहले भी शिकायत की है कि या तो डेवलपर उन्हें पैसे का भुगतान करना बंद कर देते हैं या फिर रेगुलर पेमेंट होने के कुछ महीनों बाद चेक बाउंस हो जाते हैं। कई बार तो प्रिंसिपल अमाउंट भी फंस जाता है और ग्राहक खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। क्योंकि अगर आपका प्रिंसिपल अमाउंट खतरे में हैं तो ऐसे रिटर्न की भी कोई गारंटी नहीं है। इस तरह की स्कीम के साथ ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ कई एफआईआर फाइल हो चुकीं हैं।

# आरोपियों का लुकआउट नोटिस जारी करने में पासपोर्ट की बाधा

**नोएडा।** सेक्टर-116 में ईरान की 22 वर्षीय युवती जीनत की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी समेत अन्य फरार आरोपियों तक पहुंचने की राह में पासपोर्ट बड़ा बाधक बन गया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी नहीं कर पा रही है। वारदात के 100 घंटे बाद भी नोएडा पुलिस खाली हाथ है।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की अंतिम लोकेशन नेपाल बॉर्डर के पास



महाराजगंज में मिली थी। वहां की पुलिस से भी नोएडा पुलिस मदद ले रही है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी महाराजगंज के रास्ते नेपाल में दाखिल हो गए हैं। इधर मृतक युवती का शव सेक्टर-71 स्थित एक निजी अस्पताल के फ्रीजर में रखा है। दूतावास से स्वीकृति रिपोर्ट मिलने के बाद युवती के शव को ईरान भेज दिया जाएगा। वहीं उसका अंतिम संस्कार होगा। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि सेक्टर-116 स्थित एक इमारत में तीन अलग-अलग मंजिलों पर ईरानी मूल के इब्राहिम उर्फ दाउद उर्फ इमरान हाशमी, असलम और फिरोज के परिवार रहते हैं। तीनों ही परिवार नोएडा में कपड़ों का कारोबार करते हैं। शुक्रवार देर रात दो ईरानी परिवारों के बीच किसी बात पर झगड़ा हुआ था। बात बढ़ने पर दाउद और फिरोज के परिवार आमने-सामने आ गए और मारपीट होने लगी। इसी दौरान दाउद ने गुस्से में आकर फिरोज की बेटी जीनत के गले पर चाकू से वार कर दिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

## प्रधान लिपिक सात हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा

ग्रेटर नोएडा। विकास भवन में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के प्रधान लिपिक चंद्रपाल सिंह को रिश्वत लेते हुए उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। प्रधान लिपिक ठेकेदारी के पंजीयन की एवज में मंगलवार को सात हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था। आरोपी के खिलाफ टीम ने थाना सूरजपुर में केस दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने विगत 4 जनवरी को ई श्रेणी में ठेकेदारी के पंजीयन के लिए आवेदन किया था। प्रधान लिपिक चंद्रपाल सिंह ने इसके लिए उससे सात हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। कई प्रकार से अनुचित दबाव भी बनाया। शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की शिकायत उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान, मेरठ में कर दी। जांच कर टीम ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई। टीम ने मंगलवार को शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोटों की गड्डी देकर प्रधान लिपिक के पास भेजा। जैसे ही लिपिक ने नोट अपने हाथ में लिए, टीम ने उसे पकड़ लिया।

# शार्ट न्यूज

## 20 गांव के किसानों ने घेरा प्राधिकरण ऑफिस

गाजियाबाद। गाजियाबाद में बुधवार को 20 गांव के किसानों ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण घेर लिया। किसानों का आरोप था कि प्राइवेट बिल्डर जिन्होंने उनकी जमीन खरीदी अधिग्रहण की है, उन्होंने उनके साथ धोखा किया है। बड़ी संख्या में किसानों को देखकर भारी पुलिस फोर्स मौके पर लगाया गया था। प्राधिकरण के अधिकारी और किसानों के बीच बातचीत चल रही है। गाजियाबाद में जिला संघर्ष समिति डासना के अध्यक्ष आनंद नगर ने बताया की 2011 से पुराने भूमि अधिग्रहण बिल के तहत वेव सिटी और सनसिटी ने 20 गांव के किसानों की जमीन का अधिग्रहण करना और खरीदना शुरू किया था। आनंद नगर के मुताबिक उस समय भूमि अधिग्रहण बिल के मुताबिक सर्किल रेट पर किसान से जमीन ली जाती थी। बदले में 6त्न डेवलप एरिया दिया जाता था। लेकिन 2014 में सरकार नया भूमि अधिकरण बिल ले आई। जिसके बाद सर्किल रेट का चार गुना किसान को मिलता था। साथ ही 16 फीसदी डेवलप एरिया भी किसान को मिलता था। आनंद नगर के मुताबिक 2011 में जब किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई, तब जमीन की कीमत 2224 मीटर थी, जिसके एवज में महज 1100 रुपए मीटर का मुआवजा मिला। आनंद नगर के मुताबिक इसको लेकर हमारा विरोध है। दूसरा विरोध है कि जो जमीन ले चुके हैं उसमें से 10 फीसदी डेवलप करके किसानों को दी जाए।

## थाने के पास आग लगाने वाले युवक की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में युवक ने 1 जनवरी को थाने के पास अपने ऊपर तेल छिड़क कर आग लगा ली थी। युवक की मंगलवार रात को दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गयी। युवक की पत्नी ने 25 दिसंबर को छेड़छाड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज करवाया था। आरोप था कि कार्रवाई न होने पर युवक ने अपने आप को आग के हवाले कर दिया था। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर से सटकर मोहित चौधरी नाम के 32 साल के युवक ने अपने आप को 1 जनवरी को आग के हवाले कर दिया था। बताया जा रहा है कि युवक यहां अपनी पत्नी के साथ आया था। मोहित की पत्नी ने 25 दिसंबर को थाना लोनी बॉर्डर में मुकदमा दर्ज करवाया था। मुकदमे में आरोप था कि उसके पड़ोसियों ने उसके साथ छेड़छाड़ और मारपीट की। बचाने आए उसके पति का हाथ तोड़ दिया। इस मुकदमे की जांच लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा की जा रही थी। मोहित का आरोप था कि उसकी सुनवाई नहीं हो रही, इसीलिए उसने ये कदम उठाया था। मोहित 9 दिनों तक दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मौत से जिंदगी के लिए लड़ता रहा। आखिरकार 9 तारीख की देर रात मोहित की सांसों ने उसका साथ छोड़ दिया। एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश सिंह ने बताया की मोहित के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मीटर रीडर और विद्युत निगम के अभियंता में विवाद

नोएडा। जिले में विद्युत निगम के अभियंता और मीटर रीडर एजेंसी के कर्मचारी आमने-सामने आ गए हैं। निगम अधिकारियों ने कर्मचारियों पर घर बैठे ही फर्जी रीडिंग डालकर बिल तैयार करने का आरोप लगाया है। वहीं, रीडिंग एजेंसी के कर्मचारियों ने विद्युत निगम के एई और एसडीओ पर वसूली के लिए दवाब बनाने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों पर बिसरख थाने में शिकायत की है। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है। विद्युत निगम के ग्रेटर नोएडा एसडीओ सुशील कुमार सिंह और सहायक अभियंता एससी यादव समेत अन्य कर्मियों ने बिसरख थाने में पुलिस को शिकयत दी है। शिकायत में उन्होंने कहा कि निगम के उच्चाधिकारियों के आदेश पर टीम के साथ मीटर रीडरों के कार्य की जांच करने साईं उपवन सोसाइटी युसुफपुर चकसावेरी पहुंचे तो देखा कि उपभोक्ता गूंजन कुमार के बिजली मीटर की गलत रीडिंग लेकर बिल तैयार किए जा रहे थे। पिछले कई महीनों से गलत यूनिट लेकर बिल तैयार किए जा रहे हैं। इसी तरह आकाश कुमार के कनेक्शन मीटर की जांच की तो पत चला करीब डेढ़ वर्ष मीटर के नहीं होने की शिकायत दी गई है। परंतु उनका लगातार बिल तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ज्यादातर मीटर रीडर रिश्तेदारी में है। ऐसे में सभी ने यूनियन बना ली है और अपनी मनमानी कर रहे हैं। अपनी गलती को दबाने के लिए झूठे आरोप लगाकर दवाब बना रहे हैं।

## दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे वकील

मोदीनगर। भ्रष्टाचार के विरोध में मोदीनगर तहसील में चल रही वकीलों की हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। वकीलों ने तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा लेखपालों ने तहसील में भ्रष्टाचार फैला रखा है। बिना रिश्वत लिये काम करने को तैयार नहीं है। इन लेखपालों का अधिकारी संरक्षण कर रहे हैं। बुधवार को वकीलों ने तहसील में हंगामा भी किया। इकट्ठा होकर तहसील प्रांगण में नारेबाजी की। कहा अधिकारी बातों को गंभीरता से लें। जब तब लेखपाल कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं। तब तक तहसील में कोई भी कोर्ट नहीं चलने दी जाएगी। बार एसोसिएशन मोदीनगर के बैनर तले वकील मंगलवार से हड़ताल पर हैं। सभी कोर्ट का उन्होंने बहिष्कार किया हुआ है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकुमार चौधरी ने बताया कि तहसील प्रशासन बेलगाम हो गया है। इसलिए मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रहेगी। इस मौके पर बार एसोसिएशन के सचिव नकुल त्यागी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, अनिल चौधरी, संजय मुदगल, धीरज कौशिक, उत्तम त्यागी, जगबीर सिंह, श्रीओम त्यागी, इंद्रपाल सिंह, रविंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नोएडा डिपो से अयोध्या के लिए दो बस चलेंगी

नोएडा। मोरना स्थित नोएडा डिपो से अयोध्या के लिए दो बसें चलाने की योजना है। बस चलाने के लिए अयोध्या धाम डिपो से अनुमति मांगी गई हैं। बसों को सीएनजी लखनऊ में मिलेगी ।नोएडा डिपो में 180 बस हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बस हैं। डिपो से आगरा, मथुरा, एटा, कासगंज, बरेली, लखनऊ, हरिद्वार, कोटद्वार, बिजनौर, देहरादून, कालागढ़, शिकोहाबाद, मेरठ, बुलंदशहर समेत तमाम शहरों के लिए बस चलती है। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि पहले यूरो 6 डीजल बस चलाने की योजना थी। इसे शासन से मांगा जाता लेकिन अब डिपो की बस को लखनऊ में सीएनजी मिल जाएगी। ऐसे में सीएनजी बस ही चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम डिपो से अनुमति मिलने का इंतजार है। संभव है कि एक से दो दिन में अनुमति मिल जाएगी। न्होंने कहा कि अनुमति मिलने के बाद बस चलाने की तारीख और समय को निर्धारित किया जाएगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि इन दिनों यात्रियों की संख्या कम है। ठंड और कोहरा इसकी वजह है। यहीं कारण है कि सुबह और रात में बस मिलने के समय में बदलाव किया गया है। सुबह पहली बस छह बजे और रात अंतिम बस नौ बजे यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही है।

## मंत्री का रिश्तेदार बनकर टेंडर मांगते तीन गिरफ्तार

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह को रिश्तेदार बताकर डीएम से इंटरलॉकिंग टाइल्स का टेंडर लेने का प्रयास कर रहे तीन युवक बुधवार को गाजियाबाद में पकड़े गए। इन तीनों ने एक ठेकेदार को अपने चंगुल में फंसाया। रुपए लेकर उसको ठेका दिलाने की एवज में वो डीएम के पास पहुंच गए। मामला संदिग्ध लगा तो डीएम ने जांच कराई। पता चला कि तीनों फ्रॉड हैं, जिसके बाद उनकी अरेस्टिंग डीएम कार्यालय परिसर से करा दी गई। आरोपियों से एक फॉर्च्यूनर भी रिकवर हुई है, जिसमें हूटर लगा हुआ था। संजयनगर निवासी ठेकेदार संतोष कुमार सिंह ने बताया, मेरी इंटरलॉकिंग ब्लॉक बनाने की यूनिट है। जिसका उपयोग खड़ंजे बनाने में किया जाता है। 9 जनवरी को मेरे एक रिश्तेदार से संबंध होना बताकर ज्योतिरादित्य, दिनेश मौर्य और सूरज वर्मा मुझसे गाजियाबाद में आकर मिले। तीनों ने मुझे बताया कि हमारे गाजियाबाद के डीएम और अन्य उच्च अधिकारियों से निजी संबंध हैं। हम तुम्हें कुछ टेंडर दिलवा देंगे। इसकी एवज में कुछ खर्चा करना पड़ेगा। ठेकेदार ने बताया, इन लोगों ने अपने मोबाइल में कुछ अधिकारियों के फोन नंबर दिखाए। इसके बाद कुछ दूर जाकर कथित नंबरों पर बातचीत की और फिर वापस आकर मुझे बताया कि टेंडर के लिए अधिकारियों से बातचीत हो गई हे। तुम्हारा काम हो जाएगा। तुम अब हमें कुछ रुपया दे दो, ताकि हमारे संबंध पक्के हो जाएं। इस पर मुझे कुछ शंका हुई। मैंने जानकारी की तो पता चला कि इन लोगों ने फर्जी नेता बनकर उच्च अधिकारियों से बातचीत की है और उसी आधार पर मुझे ठगना चाह रहे हैं। इस पूरी घटना में तीनों जालसाजों ने जहां ठेकेदार को अफसरों से अच्छे संबंध होना बताया।

# अज्ञात वाहन - बाइक में टक्कर, तीन लोगों की मौत

## कार्यक्रम में डीजे बजाने गए थे, वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

हमीरपुर। हमीरपुर के मौदहा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक युवक को कानपुर ले जाते समय मौत हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। यह हादसा मौदहा कोतवाली क्षेत्र में नारायाच पुल के पास हुआ है।




यहां रात लगभग डेढ़ से दो बजे के बीच बाइक सवार तीन युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए रौंदते हुए निकल गया। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई है। जबकि तीसरा गंभीर घायल हुआ था। जिसे मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कानपुर रेफर किया गया था।

लेकिन उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। यह तीनों युवक मौदहा कस्बे के इलाही तालाब पूर्वी तरौस मोहल्ला के रहने वाले थे। जिसमें रोहित (25) और राजा (17) की मौके पर मौत हो गई थी।

जबकि आकाश (28) की कानपुर ले जाते समय मौत हो गई। यह तीनों महोबा जनपद के मवई गांव में किसी कार्यक्रम में डीजे बजाने गए थे। देर रात लगभग डेढ़ बजे घर लौटते समय हादसे का शिकार हुए हैं।

मौदहा कोतवाली पुलिस ने बताया कि तीनों युवक इलाही तालाब पूर्वी तरौस मोहल्ला के रहने वाले हैं। जो बाइक से मौदहा आ रहे थे। तभी हादसे का शिकार हुए। तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात वाहन की तालाश शुरू कर दी गई है।

## सड़क हादसे में स्कूल संचालक की मौत

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह कंटेनर और कार की आमने सामने हुई भिड़ंत में एक निजी स्कूल संचालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के जालौन चौराहे के पास आज सुबह एक कंटेनर और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार स्कूल संचालक युवक कार के अंदर फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार के नम्बर से मृतक की पहचान सदर कोतवाली क्षेत्र के सत्तेश्वर मुहाल निवासी अंकुर पोरवाल के रूप में हुई। पोरवाल शहर में स्थित शाह प्रभु दयाल स्कूल का प्रबंधक व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष भी था।

# चंबल मे दुलर्भ प्रजाति के कछुओं की जान की आफत

एजेंसी

इटावा। वन विभाग की व्यापक सक्रियता के बावजूद भी उत्तर प्रदेश के इटावा स्थित चंबल इलाके से दुर्लभ प्रजाति के हजारों कछुओ को मार कर उनकी कैलोपी की तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

अब से काफी पहले जिंदा कछुओं की तस्करी चंबल इलाके से पश्चिम बंगाल के लिए की जाती थी लेकिन कछुओ की तस्करी में जोखिम होने के कारण कछुआ की कैलोपी आसान हो गई है।

कैलोपी की तस्करी में जोखिम कम है और फायदा ज्यादा है और इसी कारण तस्कर लगातार कछुआ का शिकार करने में जुटे हुए हैं।

वन विभाग और यूपी एसटीएफ ने संयुक्त रूप से दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग के अति महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन इटावा से एक महिला समेत दो तस्करों को बुधवार को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से तीन बैगों में भारी करीब 36 किलो कैलोपी बरामद की गई है। यह कैलोपी सेक्सुअल पावर बढ़ाने के लिए सूप बनाकर पीने के प्रयोग में ली जाती है।अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस कैलोपी की कीमत लगभग कई करोड़ रुपये आंकी जा रही है। बरामद कैलोपी निलसोनिया, गैंगटिकस, निलसोनिया हिरउम, चित्रा इंडिका प्रजाति के कछुओं की है।

सूत्रों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो लाख रुपए प्रति किलोग्राम कीमत से कैलोपी की बिक्री होती है जबकि कोलकाता में इसको मात्र 4000 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा जाता है। एशियाई देशों में थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया सहित कई देशों में कछुओं की केलोपी की विशेष मांग के चलते तस्करी आम बात हो गई है।

# शार्ट न्यूज

## साइबर अपराध के प्रति लोगों को किया जागरूक




ललितपुर। साइबर थाना की पुलिस ने बुधवार को साइबर जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस ने विभिन्न स्कूल, कालेज तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आम जनमानस को जागरुक किया। साइबर थाना ललितपुर के अधि0/कर्मचारियों द्वारा साइबर अपराधों के प्रति किया गया। जागरूक व प्रशिक्षित। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में साइबर थाना टीम द्वारा साइबर क्राइम इन इण्डिया प्राब्लम एण्ड सोल्यूशन प्रोग्राम के तहत जय बुन्देलखण्ड कॉलेज ऑफ लॉ पनारी ललितपुर में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक व प्रशिक्षित किया गया । निरी0 मुनेश भारती क्राइम ब्रांच की अध्यक्षता में हे0 का0 मनमोहन, हे0 का0 अजीत सिंह का0 पवन कुमार यादव साइबर थाना टीम ललितपुर द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव व सावधानियों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी ।

## आयोग सदस्य ने मड़ावरा में सुनी समस्यायें



ललितपुर। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार सदस्य सचिव के पत्र द्वारा बच्चों के अधिकारों एवं संरक्षण तथा अधिकारों के उल्लघंन एवं वंचितता से सम्बंधित शिकायतों के निवारण तथा बाल अधिकार से सम्बंधित कानूनों की जागरुकता कार्यक्रम हेतु सदस्य डा.दिव्या गुप्ता, संदीप चौबे, रोहित कुमार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा बृहद आकांक्षी विकास खण्ड मडावरा जनपद-ललितपुर में समस्त विभागों द्वारा एक दिवसीय शिविर, कैम्प का आयोजन किया। कैम्प मे व्लॉक मडावरा के बच्चो के अधिकारों एवं संरक्षण तथा अधिकारों के उल्लघंन एवं वंचितता से सम्बंधित शिकायतों के 35 प्रकरण प्राप्त हुये तथा शिकायतों के निवारण हेतु सम्बन्धित विभागो को निर्देश दिये गये। इस दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रर्दशनी लगाई जिनका अवलोकन किया गया।

## एसपी ने थाना का किया औचक निरीक्षण व ग्राम चौकीदारो के साथ की गोष्ठी

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा



सीतापुर। एसपी चक्रेश मिश्र द्वारा थाना रामकोट पर पहुंचकर थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार भी मौजूद रहे। एसपी द्वारा बालमित्र थाना, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, बंदीगृह, कम्प्यूटर कार्यालय, थाना भोजनालय, निर्माणाधीन बैरक/विवेचनाकक्ष के साथ सम्पूर्ण थाना परिसर को चेक किया एवम् थाना कार्यालय के अभिलेखों को चेक कर उनके बेहतर रख-रखाव व उनको अद्यावधिक रखने, मालखाने को चेक कर उसमें दाखिल माल के निस्तारण व उचित रख-रखाव के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही आगामी चुनाव के दृष्टिगत थाने पर तैनात/उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवम् ग्राम चौकीदारो के साथ वार्ता/गोष्ठी की गयी।

## शाहजहांपुर में दो अफीम तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में एक करोड़ अफीम के साथ पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक किलो अफीम बरामद की है। आरोपी सस्ते दामों पर अफीम खरीदकर पंजाब में बेचने जाते थे। पकड़े गए दोनों आरोपियों का लंबा अपराधिक इतिहास है। दोनों आरोपी कटरा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। थाना कटरा पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध अफीम बेचने जाने वाले हैं। सूचना मिलने के बाद कटरा थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ नेशनल हाइवे पर मलूकापुर रोड पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। उसके बाद पुलिस ने वहां से गुजर रहे दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से एक किलो अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपए कीमत बताई गई है। आरोपी शंकरलाल और वीरपाल कटरा थाना क्षेत्र के जौहाना गांव के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जौहाना के नंदन से सस्ते दाम पर अफीम खरीदकर उसकी तस्करी पंजाब में करते हैं।

## पुरानी पेंशन की मांग लेकर भूख हड़ताल

प्रतापगढ़। रेलवे के कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग कर भूख हड़ताल कर रहे हैं। तीन सूत्री मांगों को लेकर उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन एवं नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के नेतृत्व में रेलकर्मियों की भूख हड़ताल का आज तीसरे दिन भी जारी रही। मजदूर यूनियन के पदाधिकारी में स्टेशन के प्लेटफार्म पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। पुरानी पेंशन बहाली और रिक्त पद पर रेल कर्मचारियों के तैनाती की मांग की। नॉर्दर्न रेलवे के मेंस यूनियन के साथ रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारी भूख हड़ताल पर बैठ गए। प्रतापगढ़ मां बेल्हादेवी धाम रेलवे जंक्शन के बाहर एकजुट होकर रेलकर्मियों ने मांगों को लेकर अपनी धरना प्रदर्शन किया और भूख हड़ताल पर बैठे गए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश मोहन मिश्र व नार्दन रेलवे मेंस यूनियन (एनआरएमयू) प्रतापगढ़ के अध्यक्ष मो. शफीक के नेतृत्व में तीसरा दिन बुधवार को पदाधिकारियों ने कहा कि यदि केंद्र सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो हम सड़क पर संघर्ष एवं हड़ताल भारत बंद करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। संचालन शाखा मंत्री अनिल कुमार शुक्ल ने किया।

## बांके से युवक की गला रेत कर हत्या

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में खेत में पानी जाने के विवाद में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसपी गणेश प्रसाद साह जांच के लिए टीम में गठित कर दी है। पुलिस की छापेमारी अपराधियों को पकड़ने के लिए की जा रही है। घटना मितौली थाना क्षेत्र के शहीदपुर गांव की है। मितौली थाना क्षेत्र के गांव शहीदपुर निवासी पंकज वर्मा पुत्र रामदीन (35) बुधवार सुबह 12 बजे अपने खेत पर पंपसेट लगाने गया था। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले रामप्रसाद अपने खेत में कांटे लगा रहे थे। उसके साथ एक अन्य युवक नीरज भी था। खेत की सिंचाई करने के दौरान रामप्रसाद के खेत में पानी चला गया। इसी को लेकर दोनों में विवाद हो गया। रामप्रसाद उस बात का विरोध जताते हुए गाली गलौज करने लगा। इसके बाद दोनों में मारपीट होने लगी। गुस्साए रामप्रसाद और नीरज ने पंकज की गर्दन पर बांके से कई प्रहार कर दिए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

## मेरठ में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

**मेरठ।** मेरठ विकास प्राधिकरण अवैध कॉलोनी के प्रति सख्त दिखाई दे रहा है। बुधवार को एमडीए के अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए परतापुर थाना क्षेत्र स्थित गांव अछरोंडा-काशी मार्ग पर अवैध रूप से बनाई जा कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को गिरा दिया। एमडीए के अधिकारियों ने भारी पुलिस बल और पैरामिलिट्री फोर्स को साथ लेकर अवैध कॉलोनीयों पर कार्रवाई की। भू माफिया द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। जबकि जमीन पर एमडीए स्वीकृत का बोर्ड भी मौजूद था। उसके बाद भी वह माफिया सरकारी जमीन पर कॉलोनी काट रहे थे, इसी के चलते बुधवार को एमडीए का अमला पैरामिलिट्री फोर्स को साथ लेकर परतापुर थाने पहुंचा। थाना पुलिस फोर्स को साथ लेकर गांव अछरोंडा-काशी मार्ग पर अवैध रूप से बनाई जा रही एक कॉलोनी पर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस और अधिकारियों को देखकर निर्माण कार्य कर रहे लोग भाग गए। वहीं सूचना पर अवैध कॉलोनी का निर्माण कर रहे कॉलोनी के मालिक मौके पर पहुंच गए। टीम का विरोध कर दिया। लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते विरोधी नहीं टिक पाए और आवास विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। टीम में मौजूद एमडीए के अधिकारियों ने बताया कि उद्योगपुरम में भी कुछ फैक्ट्री को चिन्हित किया जा रहा है, जो फैक्ट्री नक्शे से नहीं बनी हुई है, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## सहारनपुर में सभी स्कूल 16 तक बंद

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में पिछले एक सप्ताह से पड रही कड़ाके की सर्दी के कारण जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी स्कूल 16 जनवरी तक बन्द कर दिये गये हैं। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र के निर्देशानुसार जिले में कोहरे, शीतलहर, ठंड एवं सुरक्षित आवागमन के दृष्टिगत समस्त माध्यमिक राजकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, सीआईएससीई, वित्तविहीन, संस्कृत बोर्ड एवं मदरसा बोर्ड विद्यालयों में 16 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है।

# अमरोहा में भरे बाजार किसान की हत्या

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश में अमरोहा जिले के धनौरा क्षेत्र में बुधवार सुबह बेख़ौफ़ बदमाशों ने अतिव्यस्त बाज़ार में एक किसान की गोली मार कर हत्या कर दी। इस दुस्साहिक वारदात के विरोध में आक्रोशित किसानों ने राजमार्ग पर जाम लगा दिया।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज़ सुबह लगभग नौ बजे बछरायूं क्षेत्र के गांव मलेशिया निवासी रविंद्र यादव (30) उर्फ कलुवा मंडी धनौरा-अमरोहा मार्ग पर स्थित थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के अंतर्गत अतिव्यस्त कुआं खेड़ा बाज़ार में हेयर कटिंग सैलून पर शेविंग करा रहे थे। इस दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर मौके पर पहुंचे तीन नकाबपोश बदमाशों ने कृषक को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने के बाद घायल हालत में रविन्द्र यादव हेयर कटिंग सैलून से बाहर की ओर जान बचाने के लिए दीवार फांदने के लिए जैसे ही भागा, बदमाशों ने पीछा करते हुए एक के बाद एक इस तरह तड़ातड़ गोली बरसा कर रविन्द्र यादव की हत्या कर दी।

घटना के बाद हत्यारे फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हत्याकांड से बाज़ार में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही परिजनों के अलावा काफ़ी संख्या में किसान घटनास्थल पर इकठ्ठा हो गए। घटना से आक्रोशित किसानों ने मंडी धनौरा ब्लाक के सामने बदायूं -पानीपत स्टेट हाइवे -51 पर जाम लगा दिया जिससे हाईवे के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर ने हत्यारोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन देते हुए किसानों को जाम खोलने के लिये राजी कर लिया। मौके पर एसटीएफ और फोरेंसिक टीम जांच में जुटी हुई हैं।

# पत्नी के प्रमी को पति ने मार डाला

## पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा, ईंट से सिर कूचकर मारा

एजेंसी

**बलरामपुर।** बलरामपुर के तुलसीपुर थाना क्षेत्र के रमवापुर गांव में हुई हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखकर पति ने ईंट से कूचकर युवक की हत्या की थी। पुलिस ने एक नाबालिग सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या का अनावरण करते हुए घटना में प्रयुक्त ईंट, मृतक का मोबाईल आदि बरामद किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की कन्हई पुत्र बाबूलाल गौतम नि0 ग्राम रमवापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर की पत्नी रेखा देवी से मृतक अबदुल्ला पुत्र गामा नि0 ग्राम रमवापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर का अवैध सम्बन्ध था। कन्हई की पत्नी अक्सर टेलीफोन से अपने पति कन्हई के अनुपस्थिति में अपने प्रेमी अबदुल्ला को अपने घर पर बुला लेती थी।

8 जनवरी की रात्रि में जब रेखा देवी का पति कन्हई जब घर पर मौजूद नहीं था तो उसी समय रेखा देवी ने फोन करके अपने प्रेमी अबदुल्ला को अपने घर पर बुला लिया। दोनों आपस में शारीरिक सम्बन्ध बना रहे थें, तभी रेखा देवी का पति कन्हई घर पर पहुंच गया एंव अपनी पत्नी के साथ अबदुल्ला को सोते हुए देख आक्रोशित हो गया व अबदुल्ला को पकड़कर चौकी पर पटक दिया उसके बाद ईंट से अबदुल्ला का सिर कूंचकर हत्या कर दी।

हत्या करने के मृतक अबदुल्ला के शव को छिपाने के लिए बगल के कमरे में सो रहे अपने साले धर्मेश व अपने पुत्र साजन को जगाया एंव घटना के बारे में बताया।



### आरोपी समेत तीन गिरफ्तार

तीनों ने मिलकर लाश को बाहर फेकने की योजना बनाई तथा तीनो ने मिलकर साक्ष्य मिटाने हेतु मृतक अबदुल्ला के शव को अपने घर के पीछे वंशराज यादव के बाग में फेक दिया। उन्होंने बताया की पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हुए ईट तथा मृतक का मोबाईल व अन्य सामान बरामद कर तीनों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

## हमीरपुर में दो पक्षों में हुई पत्थरबाजी

हमीरपुर। हमीरपुर में बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर पत्थरबाजी हुई है। पत्थरबाजी का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच करने के लिए पहुंच गई। दो पक्षों में पत्थरबाजी का यह मामला सदर कोतवाली इलाके में ईदगाह मुहल्ले का है। यहां आज ज़मीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई। जिसने इतना तूल पकड़ा कि यहां पत्थरबाजी शुरू हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों में जम कर पत्थर बाज़ी हुई है। जमीन मालिक लक्ष्मी ने नाम बताया कि जमीन उसके नाम है, जिस पर पड़ोसी दुर्गेश कब्ज़ा करना चाहता है। लक्ष्मी ने बताया कि आज वह अवैध कब्जे को हटाने के लिए मजदूरों को लेकर गई थी, इसी दौरान पथराव किया गया है। पथराव की सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल की। दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों को कोतवाली ले गई है। सदर कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि सभी को पांच पांच लाख रुपए से पाबंद किया गया है।

## मतदाता जागरूकता के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा बी ग्रेड प्राप्त संस्थान पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर में दिनांक 10 जनवरी 2024 को स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के अवसर पर *भाषण प्रतियोगिता* का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी/ एनएसएस/ रोवर्स रेंजर्स एवं अन्य पाठ्यक्रमों में अध्यनरत छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक सितारा देवी जी ने छात्राओं को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि मतदान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को मतदान अवश्य करना चाहिए। यह न सिर्फ हमारा अधिकार है बल्कि हमारा मौलिक कर्तव्य भी है। हमें गर्व है अपने लोकतंत्र पर, अपने लोकतांत्रिक मूल्यों पर, संविधान निर्माता पर जो हमें मतदान का अधिकार प्रदान करते हैं। प्रबंध निदेशिका डॉक्टर पूजा यादव ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। आप सभी छात्राओं को युवा मतदाताओं एवं युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। और मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सूफिया ने अपने वक्तव्य में छात्राओं से कहा कि आप सभी एक जिम्मेदार मतदाता हैं, और आप सभी मतदान के प्रति जागरूकता ला सकती है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। एनसीसी कैप्टन डॉ वंदना याज्ञिक ने कहा कि मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके।

## अवैध शराब के बनाने वाले, बेचने वाले अपराधियों की सूची बनाकर सत्यापन कराने के दिए निर्देश



**ललितपुर।** झांसी, पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी कलानिधि नैथानी द्वारा आबकारी (मंडल झाँसी) सुभाष सोनकर एंव जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद कुमार के साथ अवैध शराब के सम्बन्ध में आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत बैठक की गयी जिसमें संयुक्त टीमों के गठन तथा अवैध शराब में संलिप्त विगत 10 वर्षो में अवैध शराब के बनाने वाले, बेचने वाले व भण्डारण करने वाले सभी अपराधियों की सूची बनाकर अभिलेखीकरण करते हुये उनका सत्यापन कराने और अवैध कार्यो में संलिप्त अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्व कठोर कार्यवाही करने के सम्बन्ध में रणनीति तैयार की गयी। विगत 10 वर्षो में जिन थाना क्षेत्रो में अधिक मात्रा में शराब बरामद हुयी है उनकी सूची बनाकर सत्यापन करा लिया जाये कि अब वहां पर इस प्रकार की कोई गतिविधि संचालित नही हो रही है यदि संचालित हो रही है तो कठोर कार्यवाही की जाये। अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध शराब के व्यापार/भण्डारण में लिप्त अपराधियों/सिडिंकेट का पता लगाकर उनके विरूद्व भी कठोर कार्यवाही एवं सम्पत्ति जब्त करायी जाये। विगत में अवैध शराब के पंजीकृत प्रकरणों में अपराधियों के विरूद्व गैगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाहियां की गयी है एवं उनमें जो अपराधी अभी तक गिरफ्तार नही हुये है, उनका अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करायी जाये तथा सूची बनाकर इस कार्यालय को प्रेषित की जाये। अवैध शराब की रोकथाम हेतु निष्कर्षण, व्यापार एवं भण्डारण के सम्बन्ध में आम जनमानस से अवैध शराब के सम्बन्ध में पुलिस को गोपनीय रूप से प्रमाणिक सूचनायें देकर अवैध शराब के कारोबारियों की कमर तोडने के सम्बन्ध में सूचना देने वालों को प्रोत्साहित करने हेतु भी कहा गया है।

## मेरठ में ग्रामीणों का थाने पर प्रदर्शन

मेरठ। मेरठ में गुरुद्वारा साहिब में अलाव सेक रहे युवक की शनिवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के परिवार के लोगों ने गांव के ही रहने वाले युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। जिसके बाद अधिकारियों ने 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। लेकिन पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई। इसी के चलते ग्रामीण हस्तिनापुर थाने पर पहुंच गए और धरना देते हुए हंगामा कर दिया। अधिकारी ग्रामीणों को समझने में लगे हुए हैं, लेकिन ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर स्थित गुरु साहिब गुरुद्वारा के सामने अलाव सेक रहे गांव निवासी तीरथ सिंह की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के परिवार वालों ने गांव के ही रहने वाले तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। सूचना पाकर एसपी देहात कमलेश बहादुर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों के आदेश के बाद थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था।

# पेट्रोल पंप के फर्जी लाइसेंस बनाकर धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरफ्तार

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा

**सीतापुर।** एसपी चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु जनपदीय पुलिस को घटनाओं को रोकनें व वांछित अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

दिये गये निर्देशो के अनुपालन के अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बिसवां उदय राज सिंह के कुशल नेतृत्व में एसओजी व थाना रेउसा संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक चार जनवरी को वादी शिव कुमार से प्राप्त तहरीर पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 09/24 धारा 420/467/468/471 भादवि में नामजद अभियुक्तों धीरज सक्सेना उर्फ रामबाबू पुत्र स्व0 नवीन कुमार सक्सेना,उमेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र रघुवीर श्रीवास्तव निवासीगण 441/266 हरिनगर कालोनी जल निगम रोड बालागंज लखनऊ को अटल चौक के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



जिनके कब्जे से दो मोबाइल फोन (ओप्पो,सैमसंग), पाँच एटीएम कार्ड (भिन्न-भिन्न बैंक के), एक पेन ड्राइव, चार मोहर, दो इंक पैड, एक इंच टेप (फीता), दो बैंक चेक, 11 स्टाम्प , अन्य दस्तावेज व 480/- रूपये बरामद हुए है। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि बीती 9 जुलाई को शिव कुमार ,वीरेन्द्र कुमार पुत्रगण शम्भू दयाल निवासी ग्राम पतरासा थाना रेउसा सीतापुर पैट्रोल पम्प लगवाने के लिये हमलोगों के पास लखनऊ इंडियन आयल ऑफिस आये थे।

जिनसे हमलोगों ने पैट्रोल पम्प का लाइसेंस बनवाने को बोलकर पांच लाख रुपये लिये थे तथा बाद में शिवकुमार व वीरेन्द्र को हमलोगो ने फर्जी लाइसेंस व तीन लाख रुपये का फर्जी रसीद दे दिये थे।

अभि0गण द्वारा पूर्व में भी आम जनमानस से पैट्रोल पम्प का लाइसेन्स तथा प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाने के नाम पर ठगी करने तथा फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगो से धोखाधड़ी व मोटी रकम वसूल करने की बात स्वीकार किया गया है। अभियुक्तगण द्वारा एक गिरोह बनाकर ठगी/धोखाधड़ी का कार्य किया जाता है।

अभियुक्तगण धीरज व उमेश उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है।

## गणतंत्र दिवस की परेड देखने ऑनलाइन बुक होगी टिकट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कर्तव्यपथ पर चलने वाली परेड देखने के लिए ऑनलाइन टिकटें मिलेंगी। यह भारत की समृद्ध संस्कृति और इतिहास को प्रदर्शित करती है। पूरे देश से लोग यहां परेड देखने आते हैं, जिसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, सैन्य प्रदर्शन और बहुत कुछ शामिल होता है। भारतीय नागरिक आरक्षित या अनारक्षित सीट ले सकते हैं। जिसकी कीमत 20 रुपये और 100 रुपये है। गणतंत्र दिवस पर विजय चौक पर खास परेड का आयोजन होता है। गणतंत्र दिवस परेड सुबह 10 बजे विजय चौक से शुरू होगी और 5 किलोमीटर की दूरी तक, नेशनल स्टेडियम पर परेड का अंतिम पड़ाव होगा। अगर आप भी परेड देखना चाहते हैं तो टिकट बुक करवा सकते हैं। भारतीय नागरिक आरक्षित या अनारक्षित सीट ले सकते हैं। जिनकी कीमत 20 रुपये और 100 रुपये है। हालांकि, टिकटों की बुकिंग आज यानी 10 जनवरी से शुरू हो गई। टिकट 25 जनवरी तक उपलब्ध रहेंगे लेकिन हर दिन टिकट सीमित संख्या में ही उपलब्ध होंगे। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर टिकिट बुक की जा सकती है। इसके लिए लॉगिन करें या नया अकाउंट बनाएं। फिर व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर आदि भरें। मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी से वेरिफाई करें। विकल्पों में से एक कार्यक्रम चुनें जिसमें एफडीआर गणतंत्र दिवस परेड, गणतंत्र दिवस परेड, बीटिंग द रिट्रीट शामिल हैं। सत्यापन उद्देश्य के लिए, सहभागी जानकारी प्रदान करें और एक मूल फोटो आईडी अपलोड करें। ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया पूरी करके टिकट डाउनलोड करें। इसके अलावा गणतंत्र दिवस परेड के लिए ऑफलाइन टिकट भी उपलब्ध रहेंगे जो भारत सरकार पर्यटक कार्यालय और डीटीडीसी काउंटर व आईडीटीसी ट्रैवल काउंटर पर उपलब्ध होंगे। विभागीय बिक्री काउंटर रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक टिकट बेचेंगे, जबकि संसद भवन का रिसेप्शन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक टिकट बेचेगा।

## चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, 5 हुए घायल

हैदराबाद। तेलंगाना के हैदराबाद में नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इसमें पांच लोगों के घायल होने के समाचार मिले हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार को चारमीनार एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर जाने की घटना सामने आई है। दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब सवा नौ बजे हुई। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन एक टर्मिनल स्टेशन है जहाँ रेलगाड़ियाँ समाप्त होती हैं। हालांकि ट्रेन को समाप्ति से पहले रुकना चाहिए था, लेकिन ट्रेन आगे निकल गई। इस घटना में ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े करीब पांच लोगों को मामूली चोटें आईं। इनका इलाज रेलवे अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि हैदराबाद डेक्कन रेलवे स्टेशन ट्रेन का अंतिम गंतव्य है। दक्षिण मध्य रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि जब ट्रेन स्टेशन पर पहुंची, तो वह धीमी गति से चल रही थी और अंतिम बिंदु से आगे निकल गई, जिसके कारण तीन डिब्बे - एस 2, एस 3 और एस 6 - पटरी से उतर गए। इस पटरी से उतरे झटके के कारण छह यात्री घायल हो गए। इधर तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान किया जाए। ट्रेन मंगलवार शाम को चेन्नई से चलकर हैदराबाद पहुंची थी। अधिकारी ने बताया कि घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। एससीआर के एक अधिकारी ने बताया कि घायल यात्रियों का इलाज नजदीकी अस्पताल में किया जा रहा है।

## मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की पहली बार एक साथ हुई पेशी

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला केस में पहली बार मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की एक साथ पेशी हुई। दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की आज न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म हो रही है। यही वजह है कि उन दोनों को पुलिस ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया है। दरअसल, कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया फिलहाल जेल में हैं। उन्हें पिछले साल फरवरी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था और बाद में उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार में उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। कथित शराब घोटाला 2021-22 में आबकारी नीति से संबंधित है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसे लागू किए जाने के संबंध में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी जिसके तुरंत बाद 2022 में आप सरकार ने इसे रद्द कर दिया था। बता दें कि दिल्ली शराब घोटाला केस में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय सिंह को चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि संजय सिंह ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को रिश्वत के बदले लाभ हुआ। हालांकि, संजय सिंह ने इस आरोप का खंडन किया है जबकि आप ने आरोप लगाया है कि उसके नेताओं को राजनीतिक प्रतिशोध के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

## दम घुटने से हुई आरोपी महिला सीईओ के संतान की मौत

**-चार वर्षीय पुत्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आरोपी माँ को 6 दिन की पुलिस हिरासत**

चित्रदुर्ग (कर्नाटक)। गोवा की हत्या आरोपी अधिकारी ने जिस चार वर्षीय बच्चे की हत्या की थी, उसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट दम घुटने का कारण बताया गया है। मंगलवार को एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि बच्चे की मौत दम घुटने से हुई। जानकारी के अनुसार एक स्टार्ट-अप कंपनी की 39 वर्षीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सूचना सेठ ने अपने चार वर्षीय बेटे की कथित तौर पर गोवा में हत्या कर दी और फिर उसके शव को बैग में भरकर टैक्सी से पड़ोसी राज्य कर्नाटक चली गई, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गोवा पुलिस ने आरोपी सूचना सेठ को सोमवार रात कर्नाटक के चित्रदुर्ग से गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि उसे मंगलवार को गोवा लाया गया और मापुसा शहर की एक अदालत ने उसे छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, हत्या के मकसद का अभी तक पता नहीं चला है। महिला छह जनवरी को अपने बेटे के साथ उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक किराए के फ्लैट में आई थी और दो दिनों तक वहां रहने के बाद सोमवार को टैक्सी से बेंगलुरु चली गई। पुलिस ने बताया कि अपार्टमेंट के कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि जब आरोपी वहां से निकली, तो उनका चार वर्षीय बेटा उनके साथ नहीं दिखा। हिरियुर तालुक अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. कुमार नाइक ने मीडिया को बताया कि उसकी मौत मुंह और नाक दबाने से दम घुटने से हुई होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसी कपड़े या तकिए का इस्तेमाल किया गया। नाइक ने बताया कि ऐसा नहीं लगता कि हाथों से गला घोंटकर बच्चे को मारा गया होगा।




## कर्नाटक विधानसभा के सामने परिवार के 8 सदस्यों ने आत्मदाह का किया प्रयास, शरीर पर तेल छिड़का और...

बेंगलुरु। बेंगलुरु में बुधवार को कर्नाटक विधानसभा के सामने एक ही परिवार के आठ सदस्यों ने आत्मदाह का प्रयास करने के बाद अपनी जान देने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, परिवार के सदस्यों ने यह हताशापूर्ण कदम उठाया क्योंकि वे बैंक द्वारा बकाया ऋण की वसूली के लिए उनके घर की नीलामी से परेशान थे। विधान सौधा (कर्नाटक विधानसभा) के बाहर महिलाओं और बच्चों समेत परिवार के सदस्यों ने खुद पर मिट्टी का तेल छिड़क लिया। हालाँकि, पुलिस के त्वरित हस्तक्षेप से यह त्रासदी टल गई, जिससे इसमें शामिल परिवार के सदस्यों को तत्काल हिरासत में ले लिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिसकर्मी परिवार को पुलिस वाहनों में ले जाते दिख रहे हैं। अपनी परेशानी साझा करते हुए, परिवार ने कहा कि उन्होंने अदरक की खेती का व्यवसाय शुरू करने के लिए 2016 में बैंगलोर सिटी कोऑपरेटिव बैंक से 50 लाख रुपये का ऋण लिया था। हालाँकि, उनके उद्यम को काफी घाटा हुआ, जिससे उन्हें उधार ली गई राशि चुकाने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

# कांग्रेस के न्याय यात्रा पर जेपी नड्डा का तंज, 70 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली, ओबीसी के मुद्दे पर भी घेरा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के गुवाहाटी में पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'भारत न्याय यात्रा' को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ओबीसी को संवैधानिक दर्जा दिया। लेकिन वे (कांग्रेस) केवल वोट चाहते हैं। नेहरू ने अम्बेडकर को संसद में प्रवेश करने से रोक दिया था। ओबीसी के साथ इतना अन्याय करने के बाद अब ये 'न्याय यात्रा' निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आर्टिकल 356 का इस्तेमाल कर 90 बार चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया। ये लोग 'न्याय यात्रा' निकाल रहे हैं? अगर कल कोई हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार गिरा दे तो क्या होगा?...जब राहुल गांधी अपनी यात्रा के दौरान यहां आएं तो आपको उनसे 1984 के सिख विरोधी दंगों के बारे में पूछना चाहिए।



नड्डा ने कहा कि आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत अभूतपूर्व तरीके से बदल रहा है। आपको याद रखना चाहिए कि आप उस पार्टी से हैं जिसने भारतीय राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है। पीएम मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारतीय राजनीति की परिभाषा भी बदल गई है। उन्होंने कहा कि इससे पहले घोषणा पत्र छापो, वादे करो, सरकार में आओ, पांच साल मौज करो और फिर सरकार में आने के लिए लोगों को सपने दिखाओ, लोगों को लुभाओ और फिर सरकार में आओ... यही कल्चर था। आज मोदी जी ने हमें रिपोर्ट कार्ड पॉलिटिक्स सिखाई है, जो कहा वो किया और जो नहीं कहा वो भी किया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी के लिए सिर्फ चार ही जातियां हैं- महिला, युवा, किसान और गरीब। अगर इन चारों का उत्थान होगा तभी देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के किसी भी मुख्यमंत्री ने कभी भी अपने किसी भी वादे को याद नहीं किया या उसके बारे में बात नहीं की। उनकी पार्टी की संस्कृति घोषणापत्र प्रकाशित करना, वादे करना, सत्ता में आना, 5 साल तक आनंद लेना है... और फिर इस चक्र को दोहराना है... वे नए वादे करते हैं, नए सपने दिखाते हैं, सत्ता में आते हैं और लोगों को फिर से धोखा देते हैं। लेकिन आज पीएम मोदी ने हमें रिपोर्ट कार्ड पॉलिटिक्स की संस्कृति सिखा दी है। हम जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं। हम वह भी पूरा करते हैं जिसका हमने वादा नहीं किया है!

जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूर्वोत्तर मुख्यधारा से जुड़ा है। आजादी के बाद सबसे ज्यादा बार पूर्वोत्तर आने वाले प्रधानमंत्री हैं मोदी जी। पूर्वोत्तर की सारी समस्याओं का समाधान मोदी सरकार ने ही किया। उन्होंने कहा कि 70 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली...अन्याय की नींव रखने वाली कांग्रेस पार्टी, भारत को तोड़ने में कोई कसर न छोड़ने वाली कांग्रेस पार्टी... आज भारत जोड़ो यात्रा करने चली है।

## अखिलेश यादव पर चढ़ गया स्वामी प्रसाद मौर्य का भूत : प्रमोद कृष्णम

नई दिल्ली। कांग्रेस के नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बहाने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी तंज कसा और कहा कि उन पर स्वामी का भूत सवार हो गया है। उन्होंने इसके लिए विक्रम बेताल का उदाहरण दिया। दरअसल सनातन धर्म को लेकर अक्सर विवादित बयानबाजी करने वाले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर भारतीय जनता पार्टी पहले से हमलावर है और अब कांग्रेस नेता ने भी निशाना साधा है। गाजियाबाद में मीडिया से बात करते हुए प्रमोद कृष्णम ने कहा कि अखिलेश यादव स्वामी प्रसाद मौर्य से डरते हैं और यह जानते हुए कि वह बेड़ा गर्ग करा देंगे फिर भी पता नहीं उनकी क्या मजबूरी है। स्वामी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और स्वामी प्रसाद मौर्य की कहानी विक्रम बेताल जैसी है। अखिलेश यादव के ऊपर स्वामी प्रसाद मौर्य का भूत चढ़ गया है। प्रमोद कृष्णम ने यह भी कहा कि अखिलेश जानते हैं कि यदि स्वामी इसी तरह बयानबाजी करते रहे तो यूपी में भाजपा फिर आएगी। बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने 1990 में कारसेवकों पर गोली चलाए जाने की घटना को सही ठहराया है। कासगंज में पत्रकारों से बात करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि, अराजक तत्वों ने जो तोड़फोड़ की थी और तत्कालीन सरकार, मुलायम सिंह यादव ने संविधान, कानून की रक्षा के लिए गोली चलवाई थी वह सरकार का कर्तव्य था। सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया था। दरअसल यह बात स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा नेता एसपी सिंह बघेल को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में बोल रहे थे।



# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने पंजाब को दी 4 हजार करोड़ रुपए की सौगात

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब को 4 हजार करोड़ रुपए का तोहफा दिया। बता दें गडकरी जालंधर के आदमपुर एयरपोर्ट से पहुंचे। इस मौके मंच पर पंजाब बीजेपी प्रधान सुनील जाखड़ ने उनका स्वागत किया। होशियारपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री गडकरी ने फगवाड़ा-होशियारपुर फोरलेन का उद्घाटन किया।



इस दौरान केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि आज पंजाब में 4 हजार करोड़ के नए प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि जब अटलजी प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने मुझे गांवों को जोड़ने के लिए कहा था। पंजाब राज्य का निर्माण होने बाद से 2014 से 2024 कई गुणा अच्छे रोड बीजेपी सरकार ने बनाकर दिखाए हैं। उन्होंने कहा पिछले 9 साल में पंजाब में एनएच की 2 हजार 540 लंबाई बड़ी है। राज्य व देश का विकास करना है, तब इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा बनाना होगा और अगर इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा होगा, तब उद्योग आएंगे, जिससे रोजगार मिलेगा। गडकरी ने कहा कि अमृतसर एयरपोर्ट से रामदास तक 2024 में 4 लेन हाईवे का काम पूरा हो जाएगा, जिससे श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर तक का रास्ता आसान हो जाएगा। सड़के अच्छी होंगी तब किसान भी खुशहाल होगा।

गडकरी ने ऐलान किया कि लुधियाना से बठिंडा तक ग्रीनफील्ड हाईवे बनाया जाएगा जिसकी लंबाई 75 कि.मी. होगी। इस प्रोजेक्ट पर 2 हजार करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। इस हाईवे से लुधियाना से बठिंडा की दूरी 45 मिनट में तय होगी। ये प्रोजेक्ट 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा इस हाईवे की कनैक्टीविटी हलवारा एयरपोर्ट तक भी होगी। एक्सप्रेस वे के साथ ग्रीन एक्सप्रेस वे भी बना रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने पंजाब सरकार से अपील कर कहा कि भूमि अधिग्रहण के काम में तेजी लाए। जमीन अधिग्रहण से सड़कें तेजी से बनेंगी। उन्होंने कहा कि हम किसानों को अन्नदाता से ऊर्जावान बनाएंगे। पराली जलाने की बजाय उससे इथेनॉल बनाया जाएगा। इथेनॉल से सभी वाहनों को चलाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरी कार भी इथोनॉल से चलती है। पेट्रोल की जगह इथेनॉल बनेगा। उन्होंने किसानों से पराली को न जलाने के अपील भी की है।

जिन प्रोजेक्ट बुधवार को उद्घाघटन किया गया। उनमें 596 करोड़ की लागत से लुधियाना में बना जीटी रोड और राष्ट्रीय राज्य मार्ग को जोड़ने वाले 4 लेन का लाडो व बाईपास शामिल हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री गड़करी ने जालंधर, होशियारपुर सहित आसपास के इलाकों में 29 नए प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया है। जिसमें लुधियाना में जीटी रोड पर एनएच 5 को जोड़ने के लिए 4 लेन लाडोवाल बाईपास, लुधियाना शहर में 6 लेन फ्लाईओवर पर 2 आरओबी की उसारी, तववंडी भाई से फिरोजपुर सैक्शन के 4 लेन का निर्माण, करतारपुर, अमृतसर के गहरी मोडी गांव में आरओबी का निर्माण, जालंधर में कंगनीवाल गांव व तरनतारन बाईपास में आरओबी, जालंधर के दकोहा रेलवे क्रासिंग नजदीक अंडरपास का निर्माण, फगवाड़ा-होशियारपुर फोर लेन सड़क का नींव पत्थर, ऊना रोड होशियारपुर के ने बाईपास का नींव पत्थर, फिरोजपुर बाईसाप 4 लेन की निर्माण, अमृतसर, कपूरथला व लुधियाना में 9 सड़कों का प्रोजेक्ट, सुल्तानपुर लोधी-मक्खू सैक्शन का 4 लेन का निर्माण, फिरोजपुर के मधारे गांव में 2 लेन आरओबी का निर्माण शामिल हैं।

## केजरीवाल भले जय श्रीराम बोलें, लेकिन कांग्रेस का साथ उनकी मजबूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरविंद केजरीवाल भले ही जय श्रीराम के नारे लगाएं लेकिन कांग्रेस का साथ उनकी मजबूरी है। जानकार बता रहे हैं कि आम आदमी पार्टी की राजनीति कांग्रेस के वोटों में हिस्सेदारी से ही चलती है। इंडिया ब्लॉक के सीट बंटवारे में भी यही देखने को मिल रहा है। देश के जिन पांच राज्यों में कांग्रेस और आप गठबंधन की ओर बढ़ रहे हैं, वहां बीजेपी से मुकाबले से पहले दोनों अब तक आपस में ही लड़ते रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने 2013 में दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के खिलाफ शानदार चुनावी जीत के साथ अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को चुनावों में तो हराया ही, उसी की मदद से दिल्ली में पहली सरकार भी बनाई, तभी तो आज भी दिल्ली कांग्रेस के नेता अरविंद केजरीवाल के साथ चुनावी गठबंधन के लिए खुले दिल से तैयार नहीं हो पाते। 2019 के आम चुनाव में अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन की खूब कोशिशें की, लेकिन तब फैसले का अधिकार फिर से शीला दीक्षित के हाथों में ही आ गया था।



लेकिन शीला दीक्षित अपने रुख पर कायम रहीं, और आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी समझौता नहीं ही किया। नतीजे आये तो शीला दीक्षित का फैसला भी सही साबित हुआ। कांग्रेस ने दिल्ली की सभी सात सीटों पर आप को तीसरे स्थान पर धकेल दिया था। दिल्ली की ही तरह पंजाब में भी आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को ही बेदखल कर सत्ता हासिल की है, फिर भी दिल्ली और पंजाब की परिस्थितियां अलग देखने को मिली थीं। देखा जाये तो दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस से सत्ता छीन ली थी, लेकिन 2022 के चुनाव में पंजाब में तो ऐसा लगा जैसे कांग्रेस ने पूरी पूरी मदद कर दी हो।

## ठिठुरती दिल्ली का तापमान हुआ 7.1 डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बढ़ती ठंड और कोहरे के चलते दिल्ली ठिठुर रही है। वहां लोगों की दैनिक दिनचर्या पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। काम धंधे पर निकलने वाले को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आज न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत जितना ही है। अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सर्दी की वजह से लोगों के जनजीवन पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। कोहरे और तेज सर्दी के कारण लोग परेशान हैं। ट्रेनें, बसें लेट हो रही है। इस वजह से आमजन भी ऑफिस व दुकानों पर देरी से पहुंच रहे हैं। बाजार देरी से खुल रहे हैं और जल्दी बंद हो रहे हैं। खरीदारों को भी खरीद फरोख्त में काफी परेशानी हो रही है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो मौसमी औसत से छह डिग्री कम है। शहर में बुधवार सुबह 7:30 बजे सफदरजंग में सबसे कम दृश्यता 700 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम में 8:30 बजे दृश्यता 800 मीटर दर्ज की गई। भारतीय रेलवे के मुताबिक, कोहरे और शीत लहर के कारण कुल 18 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। शहर भर के कई स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के आनंद विहार में पीएम2.5 का स्तर 307 पर बहुत खराब श्रेणी में और पीएम10 का 181 पर मध्यम श्रेणी में रहा। सीओ (कार्बन मोनोऑक्साइड) 135 या मध्यम पर था। शून्य और 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को अच्छा; 51 और 100 के बीच संतोषजनक; 101 और 200 के बीच मध्यम; 201 और 300 के बीच खराब; 301 और 400 के बीच बहुत खराब; तथा 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल 3 पर भी पीएम2.5 का स्तर 292 रहा, जो खराब श्रेणी है, जबकि पीएम10 का स्तर 166 पर मध्यम श्रेणी में था। बता दें कि आईएमडी कोहरे की तीव्रता को चार प्रकारों में वर्गीकृत करता है- उथला, मध्यम, घना और बहुत घना कोहरा। इनमें दृश्यता क्रमशः 999 मीटर से 500 मीटर, 499 मीटर से 200 मीटर, 199 मीटर से 50 मीटर और 50 मीटर से कम होती है।

# लोस चुनाव: नीतीश की पीएम दावेदारी को लेकर जदयू हुआ इंडिया गठबंधन पर हावी

**पटना (एजेंसी)।** दिल्ली बैठक में नीतीश कुमार की भूमिका को लेकर तस्वीर साफ नहीं होने से जदयू इंडिया गठबंधन खासकर कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। कुछ दिन पहले तक जदयू के नेता इशारों में नीतीश कुमार को संयोजक बनने की मांग तेज कर रहे थे, लेकिन अब जेडीयू नेताओं के सुर बदल गए हैं और नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे हैं। इन नेताओं की ओर से यह भी दावा किया जा रहा है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो एनडीए को 2024 में नहीं हराया जा सकता है।



दरअसल, जैसे ही जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नीतीश कुमार की ताजपोशी हुई है तब से ही जदयू इंडिया गठबंधन पर इस बात को लेकर दबाव और बढ़ा रहा है कि सीट बंटवारे में काफी देर हो चुकी है, जिसकी वजह से इंडिया गठबंधन की मुश्किलें बढ़ सकतीं हैं। जदयू के इस आक्रामक रवैये को लेकर चर्चा बेहद तेज है कि आखिरकार जदयू की आक्रामकता के पीछे वजह क्या है? दरअसल सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे भी जदयू की खास रणनीति है। जदयू के सबसे बड़े नेता नीतीश कुमार राजनीति में बेहद हार्ड बार्गेनर माने जाते हैं। जब तक सीट बंटवारा नहीं हो जाता है तब तक वो इस तरह का माहौल बनाना चाहते हैं कि जदयू अपनी सीटिंग सीट से कोई समझौता नहीं करने वाला है। फिलहाल जिस तरह से जदयू नेता आक्रामक होकर सीट को लेकर बयान दे रहे हैं इससे ये तस्वीर साफ-साफ दिख भी रही है।

नीतीश कुमार की भूमिका भले ही इंडिया गठबंधन में तय नहीं किया गया हो, लेकिन नीतीश कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद इंडिया गठबंधन को ये मैसेज देने की कोशिश की जा रही है कि नीतीश कुमार राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं और इनकी भूमिका इंडिया गठबंधन में किसी भी नेता से ज्यादा बड़ी है। नीतीश कुमार की पार्टी के कड़े तेवर ने बिहार में भी महागठबंधन के सहयोगियों को ये साफ-साफ संदेश देने की कोशिश की है कि बिहार में भले ही जदयू तीसरे नंबर की पार्टी है, लेकिन बावजूद इसके बिहार की राजनीति खासकर महागठबंधन की राजनीति इसी के इर्द गिर्द घूमेगी जिसे नीतीश कुमार कार्यांवित करेगें। यही नहीं बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी भी फिलहाल नीतीश कुमार के पास ही रहेगी। नीतीश कुमार और उनकी पार्टी के आक्रामक तेवर की वजह से उनकी पार्टी के नेताओं में भी आक्रामकता आई है। बीते दिनों पार्टी में टूट का जो खतरा बताया जा रहा था, न सिर्फ उन अटकलों पर विराम लगा है, बल्कि पार्टी एकजुटता के साथ चुनावी मैदान में जाने की तैयारी में जुट गई है। नीतीश कुमार की पार्टी के बयानों से खासकर बड़े नेताओं के बयान से इस बात की सुगबुगाहट भी तेज है कि क्या भाजपा के साथ भी कोई संभावना है? इसे लेकर ऐसी अटकलों को जदयू के नेता खारिज कर रहे हैं, लेकिन सियासी हलके में जदयू के तेवर ने महागठबंधन की परेशानी फिलहाल तो बढ़ा ही दी है।

# भारत आना चाहते थे मुइज्जू, लेकिन इंडिया आउट ने रुख बदला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भले ही भारत की यात्रा पर आना चाहते थे, लेकिन उनके इंडिया आउट के रुख ने मंसूबे साफ कर दिए। अब वह लाख चाहें लेकिन भारत यात्रा के प्रस्ताव पर शायद ध्यान नहीं दिया जाएगा। बता दें कि मालदीव के प्रशासन ने दिसंबर 2023 में उनकी भारत यात्रा के लिए एक प्रस्ताव भेजा था। सूत्रों के मुताबिक मालदीव ने दिसंबर 2023 में भारत आने के लिए राष्ट्रपति मुइज्जू के 17 नवंबर के शपथ ग्रहण समारोह से पहले तारीखों का प्रस्ताव दिया था। मालदीव सरकार अभी भी भारतीय पक्ष द्वारा तारीख की पुष्टि करने का इंतजार कर रही है। वर्तमान में मुइज्जू चीन की एक सप्ताह की यात्रा पर हैं और इससे पहले उन्होंने भारत की यात्रा करने के बजाय तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की, जैसा कि पिछले कई राष्ट्रपतियों द्वारा कार्यभार संभालने पर किया गया है। जानकारी के अनुसार मालदीव की ओर से एक प्रस्ताव था, और अगर भारत सहमत होता, तो भी वह नई दिल्ली को राष्ट्रपति की पहली आधिकारिक विदेश यात्रा नहीं बनाता क्योंकि उन्होंने पहले गंतव्य के रूप में तुर्की को चुना था और राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 26 नवंबर को वहां थे। मुइज्जू की तुर्की यात्रा के बाद 30 नवंबर, 2023 को संयुक्त अरब अमीरात में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी 28 में उनकी भागीदारी हुई। चीन समर्थक और भारत विरोधी रुख की बात आती है तो मुइज्जू प्रशासन स्पष्ट रूप से अपनी स्थिति और झुकाव पर एक संदेश भेजने की कोशिश कर रहा है। इसकी शुरुआत उनके चुनाव अभियान से हुई, जो इंडिया आउट चुनावी मुद्दे पर लड़ा गया। बड़े अक्षरों में इंडिया आउट लिखी लाल टी-शर्ट पहने राष्ट्रपति मुइज्जू के दृश्य अभी भी हर किसी की आंखों के सामने ताजा हैं। उन्होंने अपने देश से भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की, जो पूरी तरह से चिकित्सा और मानवीय प्रयासों में सहायता करने में शामिल थे।



## हीली के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 में भारत को हराया

### 2-1 से सीरीज जीती

**मुम्बई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा है। वहीं इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने 2-1 से सीरीज जीत ली है। तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 147 रन बनाए थे। इसके बाद मिले 148 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एलिसा हीली के अर्धशतक से आसानी से हासिल कर लिया। हीली के अर्धशतक के अलावा बेन मूनी ने भी शानदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले भारतीय टीम की शुरुआत शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने की। दोनो ने ही पहले विकेट के लिए 39 रन बनाये। शैफाली 17 गेंदों पर 26 रन बनाकर पेवेलियन लौटीं। वहीं जेमिमा रोड्रिग्ज केवल 2 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गयीं। स्मृति मंधाना भी 27 रन ही बन पायीं। इसके बाद ऋषा घोष ने पारी संभालने का प्रयास किया। ऋषा ने 28 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की सहायता से 34 रन बनाए। वहीं अन्य बल्लेबाजों ने मिलकर किसी प्रकार स्कोर 147 तक पहुंचाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अच्छी शुरूआत की। कप्तान हेली ने बेथ मूनी के साथ मिलकर पहली विकेट के लिए ही 85 रन बना दिए। हेली ने 38 गेंदों पर 9 चौके और एक छक्के की सहायता से 55 रन बनाये। ताहिला मैकग्रा ने 20 रन बनाये। एलिसा पैरी शून्य पर ही पेवेलियन लौट गयीं। इसके बाद बेथ मूनी और लीचफील्ड ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को 29वें ओवर में 7 विकेट से जीत दिला दी।

# हरमनप्रीत की कप्तानी में चार देशों के टूर्नामेंट में उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

### हार्दिक होंगे उपकप्तान

**नई दिल्ली ।**

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम इसी माह 22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में शुरु होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में उतरेगी। हॉकी इंडिया ने इस टूर्नामेंट के लिए 26 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी है। इसमें जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए अहम माने जा रहे इस टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला फ्रांस, नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका से होगा।

हार्दिक सिंह को इस टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। वहीं जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा अराइजीत सिंह हुंडल और बॉबी सिंह धामी को पहली बार सीनियर स्तर पर खेलने के लिए शामिल किया गया है। गोलकीपिंग की जिम्मेदार पवन , कृशन पाठक और पी आर श्रीजेश के पास रहेगीहै। टीम में अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की भी वापसी हुई है।



मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'ओलंपिक सत्र की शुरूआत दक्षिण अफ्रीका दौरे से करने को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इसमें हमें शानदार टीमों से खेलने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, 'हमने बड़ी टीम का चयन किया है जिससे सभी खिलाड़ियों को अवसर मिल सके और एफआईएच प्रो लीग से पहले मैं सभी को मैच हालात में खेलते देख सकूं। भारतीय टीम 22 और 24 जनवरी को फ्रांस से खेलेगी। वहीं उसका सामना 26 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से और 28 जनवरी को नीदरलैंड से होगा।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :**

- गोलकीपर : पी आर श्रीजेश, कृशन पाठक और पवन
- डिफेंडर : जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरूण कुमार, सुमित, संजय, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम
- मिडफील्डर : विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह
- फॉरवर्ड : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, बॉबी सिंह धामी।

## संक्षिप्त समाचार



### अफ्रीकी क्रिकेटर केशव महाराज को राम भजन देता है ऊर्जा

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के दिग्गज स्पिनर केशव महाराज को भारत के खिलाफ खेली गई सीमित ओवरों की सीरीज और टेस्ट सीरीज में बल्लेबाजी से पहले स्टेडियम पर राम भजन सुनते देखा गया। इस संबंध में केएल राहुल ने टेस्ट सीरीज के दौरान केशव महाराज से पूछा भी था, लेकिन उस समय उन्होंने नहीं बताया था। अब 33 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने मीडिया से अनुरोध किया है कि वे जब भी मैदान में जाएं तो भक्ति गीत बजाएं। इसके जरिए वे अपने शानदार करियर के लिए भगवान को धन्यवाद देना चाहते हैं। महाराज ने भारत के खिलाफ विभिन्न प्रारूपों में पांच विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर ने हाल ही में 2023 वनडे विश्व कप में भी 10 मैचों में 4.15 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लिए थे। वे इस समय साउथ अफ्रीका के मुख्य स्पिनर बने हुए हैं। केशव महाराज ने बताया, जाहिर है, कुछ ऐसा जो मैंने मीडिया के सामने रखा और उस गाने को बजाने का अनुरोध किया। मेरे लिए, भगवान मेरा सबसे बड़ा आशीर्वाद रहे हैं, जो मुझे मार्गदर्शन और अवसर दे रहे हैं। इसलिए ऐसा कुछ है, जो बहुत कम है, लेकिन मैं ये कर सकता हूं और यह आपको आपके क्षेत्र में ले आता है। मैदान में चलते हुए पृष्ठभूमि में राम सिया राम बजता हुआ सुनना एक अच्छा एहसास है। हाल ही में एक क्लिप वायरल हुई थी, जिसमें केएल राहुल महाराज से पूछ रहे थे कि आप जब भी बल्लेबाजी करने आते हैं तो राम सिया राम बजाया जाता है, जिसके बाद महाराज ने हां में सिर हिलाया था। इसी तरह विराट कोहली का हाथ जोड़कर तीरंदाजी करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। यह गाना हिंदू पौराणिक कथाओं में भगवान राम को समर्पित है। इस समय ये ट्रेंडिंग में है, क्योंकि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होगा।

### पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता बोले, रिंकू को टी20 विश्व कप में शायद ही अवसर मिले

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा है कि आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को इसी साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप में शायद ही अवसर मिले। दासगुप्ता के अनुसार इस मैच में छठे स्थान के लिए संजू सैमसन या जितेश शर्मा को अवसर मिल सकता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि पिछले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के पास कई अच्छे सीनियर खिलाड़ी थे। दासगुप्ता ने कहा, रोहित और कोहली को जब टी20 में अवसर मिलने बंद हुए तब मुझे हैरानी हुई। जबकि पिछी बार भी हुए टूर्नामेंट में हमें सीनियर खिलाड़ियों की कमी खली थी। साथ ही कहा कि अगर आप 2022 में हुए इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के मुकाबले की जगह अभी की टीम देखें तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की वापसी हुई है पर मध्यक्रम में बदलाव नहीं हुआ। विराट नंबर 3 पर, सूर्यकुमार 4 पर, हार्दिक 5 पर फिर संजू सैमसन या जितेश शर्मा 6 पर है। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने आगे कहा, टी20 विश्व कप के अनुसार देखें तो रिंकू को बाहर होना पड़ सकता है क्योंकि चोट से उबरने के बाद सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की वापसी होगी जिससे रिंकू और तिलक वर्मा को जगह नहीं मिल पायेगी। इसके अलावा आपको छठे नंबर के लिए या तो जितेश या फिर सैमसन को शामिल करना होगा।

# अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम




**मोहाली ।**

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ यहां होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज की अच्छी शुरुआत करना रहेगा। भारतीय टीम अब तक अफगानिस्तान के खिलाफ हमेशा जीती है। ऐसे में वह जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। रोहित के अलावा अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली भी इस सीरीज से वापसी कर रहे हैं। इन दोने के आने से भारतीय टीम और बेहतर हुई है। इस सीरीज में ये दोनो ही बेहतर प्रदर्शन कर आगामी टी20 विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेंगे। आगामी टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह सीरीज भारत के लिए आखिरी है, ऐसे में उसका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपनी तैयारियों को पक्का करना रहेगा।

इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों तिलक वर्मा, रिंकू सिंह सहित कई अन्य को भी अवसर दिया गया है। और वे भी सबका ध्यान खींचना चाहेंगे। सीरीज में अनुभवी सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या चोटिल होने के कारण शामिल नहीं किये गये हें। रोहित और कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ दोनों बड़े स्कोर बनाकर विश्वकप के लिए तैयारी बेहतर करना चाहेंगे। दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम अपने स्टार स्पिनर राशिद खान के बगैर उतरेगी जो नवंबर में कमर की सर्जरी के बाद से अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हैं। अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जदरान ने कहा, 'वह पूरी तरह से फिट नहीं है। हमें उसकी कमी खलेगी और उसके नहीं होने से हमारे प्रदर्शन पर असर पड़ेगा लेकिन हमें हर तरह के हालात के लिए तैयार रहना होगा। गत विश्वकप में अच्छे प्रदर्शन से प्रेरित होकर अफगानिस्तान टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। राशिद की गैर मौजूदगी के बावजूद टीम के पास मुजीब जदरान, हजरतुल्लाह जाजई। और रहमानुल्लह गुरबाज जैसे शानदार खिलाड़ी भी हैं। विराट और रोहित दोनों दर्शकों के पसंदीदा हैं और उनके खेलने से मोहाली में इस मैच को लेकर काफी रोमांच है। कप्तान रोहित शर्मा पावरप्ले में अपना आक्रामक अंदाज दोहराना चाहेंगे। दूसरी ओर कोहली बीच के ओवरों में बेहतर स्ट्राइक रेट के साथ खेलना चाहेंगे। इस सीरीज में यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा टीम में हैं लेकिन पारी की शुरूआत रोहित के साथ शुभमन गिल ही करेंगे। दक्षिण अफ्रीका में गिल का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा और ऐसे में वह अच्छा स्कोर करना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका में रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और वह मध्यक्रम में चोटिल सूर्यकुमार और पांड्या की कमी पूरी करना चाहेंगे। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी जितेश शर्मा या संजू सैमसन में से किसी एक को मिलेगी। पिछली दो श्रृंखलाओं में विकेटकीपिंग कर चुके जितेश को वरीयता मिलने की उम्मीद है। शिवम दुबे भी टीम में हैं और तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के तौर पर खेल सकते हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार पर होगा।

स्पिन की जिम्मेदारी कुलदीप यादव संभालेंगे जबकि दूसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और वॉशिंगटन सुंदर में से किसी एक को जगह मिलेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्सदीप सिंह, अवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान :** इब्राहिम जादरान (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, रहमानुल्लह गुरबाज (विकेटकीपर), करीम जनत, नजीबुल्लह जादरान, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान, हजरतुल्लाह जाजई।

## ईशान मानसिक रुप से थके हैं या बोर्ड निकाल रहा नाराजगी ?

**नई दिल्ली ।**

टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को जिस प्रकार से अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से बाहर रखा गया है। उसपर कई दिग्गजों ने सवाल उठाये हैं। वहीं टीम प्रबंधन की ओर से कहा गया ईशान ने मानसिक थकान से उबरने आराम मांगा था। इस बल्लेबाज ने अब तक भारतीय टीम की ओर से दो टेस्ट, 27 एकदिवसीय और 32 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। विश्वकप में भी उन्हें कुछ ही मैच खेलने का मिले। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतराष्ट्रीय सीरीज में भी ईशान किशन भारतीय दल का हिस्सा थे। इसके बाद वह दक्षिण अफ्रीका दौरे पर उन्हें टी20 दल में शामिल किया गया पर उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिल पाया। ईशान किशन साउथ अफ्रीका दौरे से मानसिक थकान का हवाला देकर लौट गए थे। ऐसी खबरें आने लगीं कि ईशान को दल में रखने के बाद भी अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पा रही थी जिसके चलते वह शायद परेशान थे। ये भी कहा जाने लगा कि ईशान अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलने से कुछ ज्यादा ही तनाव में आ गये थे। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि उनके दुबई में पार्टी करने की खबरों से भी क्रिकेट बोर्ड नाराज था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्वकप 2023 के बाद जो पांच मैचों की टी20 सीरीज हुई थी, उससे ईशान किशन ने आराम मांगा था पर बीसीसीआई ने उनकी अर्जी को ठुकरा दिया था। सीरीज के तीन मैचों के बाद अंतिम दो मैच के लिए उन्हें आराम मिला। वह दक्षिण अफ्रीका दौरे पर केवल टेस्ट सीरीज का हिस्सा बनना चाहते थे पर इस बार भी उन्हें ब्रेक नहीं दिया गया। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर ईशान पहले टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा थे, लेकिन बाद में उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था। इससे साफ है कि ईशान और बीसीसीआई के बीच कुछ मतभेद जरुर हैं हालांकि बोर्ड की ओर से कहा जा रहा है कि वह मानसिक रुप से थका हुआ है और आराम चाहता है।

## पेगुला ने पेरा को हराकर एडिलेड क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह




**एडिलेड।** एडिलेड इंटरनेशनल में बुधवार को एक ऑल-अमेरिकन मुकाबले में नंबर 2 सीड जेसिका पेगुला ने बर्नार्ड पेरा को 4-6, 6-2, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जेसिका पेगुला को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करने और डब्ल्यूटीए 500 इवेंट के दूसरे दौर में 69वीं रैंक वाली पेरा पर जीत हासिल करने के लिए 2 घंटे और 12 मिनट की जरूरत पड़ी। अपने पहले दौर में बाई के बाद पेगुला ने सीज़न के अपने दूसरे आयोजन में 2024 में जीत-हार का रिकॉर्ड 2-1 बना लिया। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते के यूनाइटेड कप में गत चैंपियन अमेरिकी टीम के हिस्से के रूप में पेगुला ने अजला टोमलजानोविक को हराकर 1-1 से बढ़त हासिल की, लेकिन केटी बोल्टर से उसे हार का सामना करना पड़ा। अब उनका सामना गुरुवार को कैटरीना सिनियाकोवा और अनस्तासिया पावलुचेनकोवा के बीच होने वाले ऑल-क्वालीफायर मुकाबले की विजेता से होगा। सिनियाकोवा ही वह खिलाड़ी थीं जिन्होंने क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में पेरा को हराया था।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20सीरीज के लिए मैथ्यूज की श्रीलंकाई टीम में वापसी

**कोलंबो ।**

श्रीलंका ने अनुभवी खिलाड़ी एंजेलो मैथ्यूज को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल किया है।

ऐसे में मैथ्यूज तीन साल के बाद इस प्रारूप में खेलते हुए नजर आयेंगे। दोनों टीमें एकदिवसीय सीरीज के समापन के बाद टी20 सीरीज खेलेंगी। इस सीरीज के सभी तीन मैच 14, 16 और 18 जनवरी को केद्वारामा में खेले जाएंगे।

इस सीरीज में कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, अकिला धनंजय, नुवान तुषारा और कामिन्दु मेंडिस जैसे खिलाड़ी भी शामिल किये गये हैं। वहीं कप्तान के तौर पर स्पिनर वानिंदु हसरंगा पहली बार उतरेंगे। पारी की शुरुआत अविष्का फर्नांडो करेंगे जबकि क्रम के बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो और जेनिथ लियानाज में से किसी एक को उनके जोड़ीदार के तौर पर उतारा जा सकता है। डुनिथ वेलालेज, प्रमोद मदुशन और जेफरी वेंडरसे भी टीम में शामिल नहीं हैं। पथुम निसांका फिट नहीं होने के कारण इस सीरीज से बाहर हैं। इन तीन ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से टीम आगामी विश्वकप के लिए अपनी तैयारियों को बेहतर करना चाहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**श्रीलंकाई टीम :** वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चैरिथ असलांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), सदीरा समरविक्रमा, कुसल परेरा (विकेटकीपर), एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, धनंजय डी सिल्वा, कामिंडु मेंडिस, पथुम निसांका, महीश थीक्षाना , दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, अकिला धनंजय।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में विराट , रोहित शीर्ष दस में शामिल

### गेंदबाजी में अश्विन शीर्ष पर कायम

**दुबई ।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी)। की ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ऊपर आये हैं। विराट अब तीन पायदान ऊपर आकर टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गये हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे पर क्रिये अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। विराट ने भारतीय टीम की ओर से दौरे में सबसे ज्यादा 172 रन बनाए थे। वहीं कप्तान रोहित शर्मा को भी 4 स्थान का लाभ हुआ है उनकी एक बार फिर शीर्ष 10 में वापसी हुई है। वह दसवें नंबर पर हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो जसप्रीत बुमराह एक स्थान के लाभ के साथ ही चौथे नंबर पर पहुंच गये हैं।

वहीं गेंदबाजों में आर अश्विन शीर्ष पर हैं। विराट दक्षिण अफ्रीका दौरा शुरू होने से पहले टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 9वें नंबर पर थे। पहले ही मैच में उन्होंने 38 और 76 रन की पारियां खेल दीं। दूसरे मैच में विराट ने 46 रन बनाये। वहीं रोहित दौरा शुरु होने से पहले 14 वें स्थान पर थे। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी एक स्थान का लाभ हुआ है। वह एक स्थान के फायदे के साथ नंबर-4 पर पहुंच गए। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 3 पारियों में 12 विकेट लिए थे। वहीं भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को 13 स्थान का लाभ हुआ है। वह 13 स्थान ऊपर आकर 17वें नंबर पर पहुंच गए। गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के ही ऑफ स्पिनर आर अश्विन शीर्ष पर हैं। जबकि रवींद्र जडेजा पांचवें नंबर पर हैं। शीर्ष-5 गेंदबाजों में 3 भारतीय शामिल हैं।ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस एक साथ के लाभ के साथ ही दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा एक स्थान के नुकसान के साथ ही तीसरे स्थान पर खिसक गये हैं।





## इंग्लैंड से खेलने को पहली प्राथमिकता देते हैं लिविंगस्टोन



**केपटाउन ।** ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने कहा है कि लीग क्रिकेट की जगह पर इंग्लैंड टीम से खेलना उनकी पहली पसंद रहेगी। लिविंगस्टोन ने पिछले कुछ समय में टी20 क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। इसके बाद भी ये क्रिकेटर अपने देश की टीम की ओर से खेलने को पहली प्राथमिकता देता है। लिविंगस्टोन वर्तमान समय में विश्व के सबसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। लिविंगस्टोन ने इंग्लैंड की ओर से 25 एकदिवसीय और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स की ओर से खेला है। वहीं अब दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग (एसए20) के दूसरे सत्र में वह एमआई केपटाउन की ओर से खेलेंगे। इस टीम में कैगिसो रबाडा और कप्तान कीरोन पोलार्ड जैसे स्टार बल्लेबाज भी शामिल हैं। वहीं लीग क्रिकेट और इंग्लैंड के प्रतिनिधित्व के बीच तालमेल बिठाने के बारे में पूछे जाने पर इस बल्लेबाज ने कहा कि हां, मुझे लगता है कि इंग्लैंड की ओर से खेलना पहले आता है। हम साल की शुरुआत में अपना कैलेंडर देखते हैं और यह तय करते है कि हमारे पास कब लीग खेलने का समय है। अगर हमें लगता है कि यह हमारे लिए फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलने का एक अच्छा अवसर है, तो हम ऐसा करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि अगर हमें लगता है कि हमें आराम की जरूरत है और यह हमारे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बाधा बन रहा है, तो हम शायद आराम करेंगे।

## अगले माह श्रीलंका और आयरलैंड का दौरा करेगी अफगानिस्तान



**काबुल ।** अफगानिस्तान की टीम अगले माह फरवरी में श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों में खेलेगी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2 फरवरी से 18 मार्च के बीच होने वाली इन दो अलग-अलग सीरीजों के आयोजन की घोषणा की है। टीम पहले 2 से 21 फरवरी तक एकमात्र टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैचों के लिए श्रीलंका जाएगी। इसके बाद 28 फरवरी से 18 मार्च तक यूएई में तीन मैचों की सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करेगी। अफगानिस्तान टीम श्रीलंका दौरे में 2 से 6 फरवरी तक कोलंबो में एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगी। इसके बाद 9,11 और 14 फरवरी को वह तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। कोलंबो में तीन टी20 मैच 17, 19 और 21 फरवरी को दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के सीईओ नसीब खान ने कहा है कि अगले कुछ महीनों तक अफगानिस्तान की टीम को काफी क्रिकेट खेलना है। इस प्रकार के सत्र से टीम और बेहतर होगी। इससे उसे आगामी टी20 विश्व कप में लाभ होगा।

# गुजरात आधुनिक भारत की वृद्धि का प्रवेश द्वार: अंबानी

## -उदयोगपति ने कहा- रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रहेगी

**नई दिल्ली ।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा गुजरात आधुनिक भारत की वृद्धि का प्रवेश द्वार है। अंबानी ने कहा, मैं आज दोहराता हूं कि रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रहेगी। जानेमाने उदयोगपति अंबानी आज वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के 10वें संस्करण को संबोधित कर रहे थे।

पीएम मोदी का कहना है कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट आत्मनिर्भर भारत के लिए समृद्ध गुजरात की परिकल्पना के साथ नई ऊंचाइयां हासिल करता रहेगा। श्री अंबानी ने आगे कहा- रिलायंस ने भारत में 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें से एक तिहाई निवेश गुजरात में किया है। वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में गुजरात में गीगा फैक्टरी शुरू करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा, गुजरात वर्ष 2047 तक 3000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा; भारत को 2047 तक 35000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। अंबानी ने कहा कि हम नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से साल 2030 तक गुजरात की आधी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य में मदद करेंगे। इसके लिए जामनगर में 5,000 एकड़ में हमने धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है।इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी और हरित उत्पादों का उत्पादन संभव हो सकेगा और गुजरात को हरित उत्पादों का अग्रणी निर्यातक बना देगा। इसे हम इसे 2024 की दूसरी छमाही में ही चालू करने के लिए तैयार हैं। आज गुजरात पूरी तरह से 5G सक्षम है ,जो दुनिया के अधिकांश देशों के पास अभी तक नहीं है। यह गुजरात को डिजिटल डेटा प्लेटफॉर्म और एआई अपनाने में वैश्विक नेता बना देगा। उन्होंने कहा कि 5त्व-सक्षम,द्ध क्रांति गुजरात की अर्थव्यवस्था को अधिक उत्पादक, और अधिक कुशल बनाएगी। लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा करने के अलावा यह एआई सक्षम उत्पादन करेगा। गुजरात राज्य में शिक्षा और कृषि उत्पादकता, डॉक्टर, एआई सक्षम शिक्षक और एआई सक्षम खेती, जो स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाएगी। मुकेश अंबानी ने गुजरात और वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन का स्वागत किया। इसे वैश्विक स्तर पर सबसे प्रतिष्ठित निवेशक शिखर सम्मेलनों में से एक माना जाता है। यह शिखर सम्मेलन दो दशकों से जारी है। मुकेश अंबानी ने मोदी है तो मुमकिन है इन शब्दों के साथ संबोधन की शुरुआत की।

# देश के कई हिस्सों में मात्र 1799 रुपए में कर सकते हैं ट्रैवल




## एयर इंडिया ने लॉन्च किया स्पेशल प्रमोशनल कैंपेन

**नई दिल्ली ।**

स्वदेशी टाटा समूह की स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उडान से देश के कई हिस्सों में आप मात्र 1799 रुपए में ट्रैवल कर सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए एक स्पेशल प्रमोशनल कैंपेन लॉन्च किया है। इस कैंपेन का नाम है टाइम टू ट्रैवल। एयरलाइंस का यह ऑफर 11 जनवरी 2024 से 11 जनवरी 2025 तक वैलिड रहने वाला है। ऐसे में यह स्पेशल ऑफर पूरे एक साल के लॉन्च किया गया है। इस ऑफर के तहत यात्रियों को केवल 1799 रुपए में बेंगलुरु-चेन्नई, दिल्ली-जयपुर, बेंगलुरु-कोच्चि, दिल्ली-ग्वालियर और कोलकाता-बागडोगरा के लिए सस्ती कीमतों पर सफर करने का मौका मिल रहा है। टाटा ग्रुप की एयरलाइंस कंपनी विस्तारा ने भी अपने ग्राहकों के लिए 9वीं सालगिरह पर एक स्पेशल एनिवर्सरी सेल का ऐलान किया है। इस सेल के मुताबिक पैसेंजर्स को कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर स्पेशल छूट का लाभ मिल रहा है। एयरलाइंस ने 9 जनवरी 2015 को पहली बार अपना ऑपरेशन शुरू किया था। अपने अधिकारिक एक्स/ट्विटर हैंडल पर इस बारे में जानकारी साझा करते हुए एयरलाइंस ने बताया है कि यह ऑफर 9 जनवरी, 11 जनवरी 2024 से लेकर 30 सितंबर 2024 तक वैलिड है। इस ऑफर के मुताबिक घरेलू एयरलाइंस में इकोनॉमी क्लास में 1809 रुपए, प्रीमियम इकोनॉमी में 2309 रुपए और बिजनेस क्लास में 9909 रुपए प्रति टिकट के हिसाब से शुल्क देना होगा। वहीं अंतरराष्ट्रीय टूर के लिए इकोनॉमी क्लास में 9999 रुपए, प्रीमियम इकोनॉमी में 13,499 रुपए और बिजनेस क्लास में 29,999 रुपए में टिकट ऑफर किया जा रहा है।

एयरलाइंस द्वारा चलाए जाने वाले स्पेशल प्रोग्राम के जरिए ऐसे मेंबर्स को 8 फीसदी न्यू कॉइन्स भी मिलता है। इसके साथ ही मेंबर्स को खाने, सीट के चुनाव, फ्लाइट टिकट कैंसिल करने, बैगेज रूल्स आदि में कई तरह की विशेष छूट का लाभ मिलता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस नियूपास रिवाड्र्स प्रोग्राम के तहत कई मेंबर्स को फ्री में प्रॉयोरिटी सर्विस मिल रही है। यह सुविधा हाईफ्लायर और जेटसेटर बैज को ही मिल रही है।

# हर तीन दिन में एक नया स्टोर शुरु करेगा टाटा स्टारबक्स




## 2028 तक स्टोरों की संख्या 1,000 करने की योजना

**नई दिल्ली ।** टाटा स्टारबक्स प्राइवेट लिमिटेड ने हर तीन दिन में एक नया स्टोर शुरु करेगा। साथ कंपनी ने कर्मचारियों की संख्या भी दोगुनी करने की योजना बनायी है। कंपनी ने भारत में 2028 तक अपने स्टोरों की संख्या 1,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी ने यह घोषणा करते हुए कहा कि इससे पहले नवंबर में लंबी अवधि की ट्रिपल शॉट रीइंवेन्शन स्ट्रैटेजी पेश की गई थी। इस रणनीति का पूरा ध्यान स्थानीय पाटर्नरों को रोजगार के लिए तैयार करने, बेहतर अनुभव के साथ ग्राहकों को सेवाएं देने वाले नए स्टोरों की शुरुआत करने की ओर है। साथ ही कंपनी दुनिया भर में स्टारबक्स के ग्राहकों के बीच भारतीय मूल की कॉफी को बढ़ावा देना चाहती है। उसने कहा कि पूरी दुनिया में भारत स्टारबक्स के सबसे तेज़ी से वृद्धि करते बाज़ारों में से एक है। इसी रणनीतिक महत्व की वजह से कंपनी आने वाले दिनों में भारत में अपनी उपस्थिति को दोगुना करने वाली है। स्टारबक्स कॉफी कंपनी और टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम द्वारा 2012 में शुरू किया गया टाटा स्टारबक्स अब 54 भारतीय शहरों में 390 से ज़्यादा स्टोर का संचालन करता है जहां लगभग 4,300 कर्मचारी कार्यरत हैं।कंपनी की योजना टियर 2 और टियर 3 भारतीय शहरों तक पहुंचने, ड्राइव-थ्रू, एयरपोर्ट और अपने 24 घंटों वाले स्टोर का विस्तार करना है, ताकि ग्राहकों को हर जगह सेवाएं दी जा सकें। 2028 तक अपने स्टोरों की संख्या 1,000 तक ले जाने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंपनी अपने कर्मचारियों की संख्या को दोगुना करके 8,600 करेगी।

# यामाहा मोटर ने नये उन्नत मॉडल पेश किये

**चेन्नई ।**

इंडिया यामाहा मोटर ने नये मॉडल पेश किये हैं। याहमा ने आरटी 15 , एफसी-एस एफजेड प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी मोटरसाइकिल लाइन-अप में बड़े बदलाव की घोषणा की है। कंपनी ने यू-ट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपने वर्चुअल लाइव इवेंट में आर15 वर्जन 4.0 और एफजेड सीरीज के मॉडल्स को नए रंग और नये डिजाइन ग्राफिक्स और कॉस्मेटिक बदलावों के साथ लॉन्च किया है। इसमें एफजेड-एसएफन वी4.0 डीएलएक्स, एफजेड-एस एफ वी 3.0, एफजेड एफवन वी3.0 और एफजेड-एक्स शामिल हैं।

कंपनी का मानना है कि नए रंग और ग्राफिक्स के साथ आ रह इन मोटरसाइकिलों से कंपनी की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा और युवा ग्राहकों के साथ ही तगड़ा संबंध स्थापित करेगी। कंपनी का कहना है कि यामाहा की सभी अपडेटेड बाइक्स ई-20 कंप्लाइंट पेट्रोल से चलती हैं और इनमें टेक्शन कंट्रोल और मोबाइल कनेक्टिविटी जैसे




फीचर्स मिलते हैं। कंपनी की यामाहा आर15 वर्जन 4.0, एफजेडएफवन वर्जन 4.0 और 2024 एफजेड-एक्स डिलक्स बाइकों के साथ वाय-कनेक्ट एप मिलेगा। इस एप से बाइक और मोबाइल एक-दूसरे से कनेक्ट रहेंगे। इसमें बाइक के इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर स्क्रीन पर फोन के नोटिफिकेशन देखे जा सकेंगे। इसमें कॉल एलर्ट, एसएमएस, ई-मेल, एप कनेक्टिविटी स्टेटस और फोन बैटरी लेवल स्टेटस शामिल हैं।

# टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर 7.5 लाख रुपये कर सकती है केन्द्र सरकार

**नई दिल्ली ।**

केन्द्र सरकार आने वाले समय में आयकरदातों को राहत देते हुए टैक्स छूट की राशि को 7 से बढ़ाकर 7.5 लाख कर सकती है। अनुमान है कि एक फरवरी को पेश वाले अंतरिम बजट में नई व्यवस्था के तहत ही इसे सात लाख रुपये से बढ़ाकर 7.5 लाख रुपये किया जा सकता है। इस बदलाव के लिए वित्त विधेयक पेश किया जा सकता है।

वहीं विशेषज्ञों के अनुसार यदि सरकार यह फैसला लेती है तो करदाताओं को नई कर व्यवस्था में आठ लाख रुपये तक की सालाना आय पर कोई कर नहीं देना होगा। इस छूट में 50 हजार रुपये की मानक कटौती भी शामिल है। इससे पहले सरकार ने 2023 के बजट में नई कर व्यवस्था के तहत इसे पांच लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपये किया था। गौरतलब है कि सरकार ने बजट 2023 में नई कर व्यवस्था में कई बदलाव करते हुए राहत दी थी। इसके मुताबिक, पहले नई कर व्यवस्था में किसी भी तरह के निवेश या कटौती का दावा नहीं किया जा सकता था, लेकिन बजट में इसमें मानक कटौती को शामिल कर लिया गया है। इसके तहत, करदाताओं को 50,000 रुपये तक की कर




कटौती दी जाती है। वहीं, पेंशनधारियों को इस व्यवस्था के तहत 15,000 रुपये तक की छूट दी जा रही है।



## आज इतना सस्ता हो गया सोना, चांदी के भी गिरे भाव

**नई दिल्ली ।** सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को गिरावट है। सर्राफा बाजारों में अब 10 ग्राम 2कैरेट गोल्ड सस्ता होकर 62247 पर आ गया है। जबकि, चांदी का भाव अब 545 रुपये प्रति किलो गिरकर 71295 रुपये प्रति किलो पर आ गया है। सोना अपने 4 दिसंबर 2023 के ऑल टाईम हाई 63805 रुपये से 1558 रुपये सस्ता है। सोने-चांदी के ये रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए हैं। इस रेट पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में सोना-चांदी 1000 से 2000 रुपये महंगा मिल रहा हो।




## डेल्टा कॉर्प, आईईएक्स, बंधन बैंक सहित 12 स्टॉक्स एफएंडओ बैन लिस्ट में शामिल

**नई दिल्ली ।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) द्वारा बुधवार, 10 जनवरी को वायदा और विकल्प (एफएंडओ) सेगमेंट के तहत ट्रेड के लिए 12 शेयरों को प्रतिबंध किया गया है। इन सिक्युरिटीज को एफएंडओ सेगमेंट के तहत प्रतिबंध पर रखा गया है, क्योंकि यह मार्केट-वाइड पोजीशन लिमिट का 95 फीसदी पार कर गया है। हालांकि, स्टॉक कैश मार्केट में ट्रेड के लिए उपलब्ध होंगे। डेल्टा कॉर्प, आईईएक्स, बंधन बैंक, बलरामपुर चीनी मिल्स, बंधन बैंक, चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स, डेल्टा कॉर्प, एस्कॉट्र्स, जीएनएफसी, हिंदुस्तान कॉपर, इंडियन एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड (आईईएक्स), इंडिया सीमेंट्स, नेशनल एल्युमीनियम कंपनी, पीरामल एंटरप्राइजेज और सेल पर प्रे तिबंध लग गया है। एनएसई हर दिन ट्रेड के लिए एफ एंड ओ बैन में सिक्युरिटिज की लिस्ट को अपडेट करता है। एनएसई ने कहा प्रतिभूतियों में डेरिवेटिव के 95 फीसदी को पार कर गए हैं। इस संबंध में एनएसई ने कहा` कि इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि सभी ग्राहक/सदस्य उक्त सुरक्षा के डेरिवेटिव अनुबंधों में केवल ऑफसेटिंग पोजीशन के माध्यम से अपनी स्थिति कम करने के लिए ट्रेड करेंगे। ओपन पोजीशिन में किसी भी वृद्धि पर उचित दंडात्मक और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा एफएंडओ बैन अवधि के तहत रखे जाने पर किसी विशेष स्टॉक में किसी भी एफएंडओ अनुबंध के लिए किसी भी नई स्थिति की अनुमति नहीं दी जाती है। शेयर बाजार की बात करें तो सेंसेक्स और निफ्टी 50 मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स शुरू में तेजी से चढ़ा, लेकिन बाद में कारोबार समाप्ति से पहले बिकवाली दबाव से इसके लाभ में कमी आई। अंत में यह 30.99 अंक की मामूली बढ़त के साथ 71,386.21 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 680.25 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी कारोबार के दौरान हुए ज्यादातर लाभ को गंवाते हुए अंत में 31.85 अंक की हल्की बढ़त के साथ 21,544.85 अंक पर बंद हुआ।

## अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले रॉकेट बना इस कंपनी का शेयर

**मुंबई ।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इस कार्यक्रम को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। वहीं, शेयर बाजार में भी अयोध्या से कनेक्शन वाले शेयरों के लिए निवेशक उत्साहित नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक शेयर अपोलो सिंदुरी होटल्स का है। बीते कारोबारी दिन 1996.65 रुपये के भाव पर बंद होने वाला यह शेयर बुधवार को 15 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 2300 रुपये पर पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। शेयर ने पिछ्ले साल फरवरी महीने में 1020 रुपये के 52 हफ्ते के लो को टच किया था। मुख्य तौर पर यह शेयर हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़ी हुई है। अपोलो सिंदुरी होटल्स अयोध्या में एक मल्टीलेवल पार्किंग फैसलिटीज है। अयोध्या के टेढ़ी बाजार में इस फैसलिटीज में रेस्तरां के लिए एक रूफटॉप एरिया है, जो 1000 से अधिक पर्यटकों की मेजबानी करने में सक्षम है। यह 3,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का बहुप्रतीक्षित प्रतिष्ठा समारोह है। इस समारोह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए निवेश की घोषणा ने कई शेयरों को बूस्ट दिया है। मंदिर के खुलने और भविष्य में निवेश के बाद पर्यटन में संभावित वृद्धि के कारण अयोध्या और उसके आसपास हॉस्पिटैलिटी में तेजी आने की उम्मीद है।



# अगले 5 वर्षों में अदाणी समूह गुजरात में 2 लाख करोड़ से अधिक का निवेश करेगा : गौतम अदाणी

**नई दिल्ली।**

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने बुधवार को कहा कि अगले पांच वर्षों में अदाणी समूह गुजरात में 2 लाख करोड़ रुपये (25 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करेगा, जिससे 1 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी। नई दिल्ली, 10 जनवरी (आईएएनएस)। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने बुधवार को कहा कि अगले पांच वर्षों में अदाणी समूह गुजरात में 2 लाख करोड़ रुपये (25 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करेगा, जिससे 1 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।

अदाणी ने अहमदाबाद में 10वें वाइब्रेंट गुजरात समिट में कहा, आज, मैं आगे निवेश के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम कच्छ के खावड़ा में दुनिया के सबसे बड़े 725 वर्ग किलोमीटर में फैले 30 गीगावॉट क्षमता वाले हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण कर रहे हैं, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। हम आत्मनिर्भर भारत के लिए हरित सप्लाई चेन का विस्तार कर रहे हैं और सबसे बड़ा एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं। इसमें सौर पैनल, पवन टरबाइन, हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइज़र, हरित अमोनिया, पीवीसी और तांबे-सीमेंट उत्पादन में विस्तार शामिल हैं। अदाणी ने कहा कि पिछले शिखर सम्मेलन में उन्होंने 2025 तक 55,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा की थी। मैंने पहले ही विभिन्न क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया था और 25,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों के अपने लक्ष्य को पार कर लिया है। ÷वाइब्रेंट गुजरात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की असाधारण दृष्टि की अद्भुत अभिव्यक्ति है। इसमें आपके सभी हॉलमार्क सिग्नेचर्स, मर्जिंग ग्रैंड एम्बिशन, विशाल पैमाने, सावधानीपूर्वक शासन और त्रुटिहीन निष्पादन शामिल हैं। इसने एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित किया क्योंकि हमारे सभी राज्य भारत के औद्योगिक परिदृश्य को मौलिक रूप से फिर से तैयार करने के लिए प्रतिस्पर्धा और सहयोग करते हुए आगे बढ़े हैं। उन्होंने जिक्र किया, पिछले दशक के आंकड़े उल्लेखनीय हैं। साल 2014 के बाद से भारत ने जीडीपी में 185 फीसदी की वृद्धि और पर-कैपिटा इनकम में 165 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है, जो कि जियो पॉलिटिकल और महामारी से संबंधित चुनौतियों को देखते हुए अद्वितीय है। अदाणी ने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आपकी उपलब्धियां भी उतनी ही उल्लेखनीय हैं, आप हमें विश्व मंचों पर आवाज उठाने वाले देश से एक ऐसे देश में ले गए हैं, जो अब ग्लोबल मंच बनाता है। सोलर अलायंस प्लेटफ़ॉर्म एक पहल है, जिसकी आपने संकल्पना की और जी20 प्लेटफ़ॉर्म पर आपके नेतृत्व ने अधिक समावेशी विश्व व्यवस्था के लिए एक मानदंड स्थापित किया। ग्लोबल साउथ को जी20 में जोड़ना आधुनिक इतिहास में एक निर्णायक पल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आप केवल भविष्य की भविष्यवाणी नहीं करते हैं, आप इसे आकार भी देते हैं। आपने भारत को दुनिया का सबसे तेजी से विकास करने वाला राष्ट्र बनने के लिए फिर से तैयार किया है। इतना ही नहीं उसे 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'विश्व गुरु' के दोहरे दर्शन से प्रेरित वैश्विक सामाजिक चैंपियन के रूप में स्थापित किया है।' उन्होंने आगे कहा, सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। विकसित भारत के निर्माण के लिए भारत के युवाओं का उपयोग करने और 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में आपकी दूरदर्शिता के साथ, आपने यह सुनिश्चित किया है कि आज का भारत कल के वैश्विक भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है।

## पटेल इंजियिरिंग के शेयरों में तीन साल बाद 600 प्रतिशत का उछाल आया

### दिग्गज इनवेस्टर विजय केडिया ने बड़ा दांव लगाकर खरीदे हैं 1.3 करोड़ शेयर

**नई दिल्ली ।** पटेल इंजियिरिंग के शेयरों में भारी उछाल आया है। इसको 98 फीसदी टूटने के बाद अच्छी तेजी मिली है। इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन सर्विसेज कंपनी पटेल इंजीनियरिंग के शेयर 700 रुपये से लुढ़ककर 9 रुपये पर आ गए थे। इधर, पिछले 3 साल में कंपनी के शेयरों में 600 पर्सेंट का उछाल आया है। पटेल इंजीनियरिंग के शेयर 10 जनवरी 2024 को 64.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। दिग्गज इनवेस्टर विजय केडिया ने इस मल्टीबैगर स्टॉक पर बड़ा दांव लगाया है। विजय केडिया के पास कंपनी के 13000000 शेयर हैं। बता दें कि पटेल इंजीनियरिंग के शेयर 4 जनवरी 2008 को 705.74 रुपये पर थे। इसके बाद कंपनी के शेयरों में तेज गिरावट देखने को मिली। पटेल इंजीनियरिंग के शेयर 6 नवंबर 2020 को 9.06 रुपये पर पहुंच गए। ऑल टाइम हाई से कंपनी के शेयरों में 98 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। इधर, पिछले 3 साल में कंपनी के शेयरों में अच्छी तेजी लौटी है। यही वजह रही कि पटेल इंजीनियरिंग के शेयर 10 जनवरी 2024 को 64.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में इस अवधि में 600 पर्सेंट का उछाल आया है। एक साल में कंपनी के शेयरों में 285 फीसदी का उछाल देखा गया है। पटेल इंजीनियरिंग के शेयरों में पिछले एक साल में ताबड़तोड़ तेजी आई है। कंपनी के शेयर पिछले एक साल में 285 पर्सेंट चढ़ गए हैं। पटेल इंजीनियरिंग के शेयर 10 जनवरी 2023 को 16.52 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 10 जनवरी 2024 को 64.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 6 महीने में पटेल इंजीनियरिंग के शेयरों में 70 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। पिछले 3 महीने में पटेल इंजीनियरिंग के शेयरों में 30 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। इस अवधि में कंपनी के शेयर 49.23 रुपये से बढ़कर 64.30 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# दाल और आटे के बाद सस्ता भारत ब्रांड के नाम से चावल बेचेगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली ।**

देश में इनदिनों चावल-दाल की कीमत कुछ ज्यादा ही है। इससे आम आदमी परेशान नहीं हो, इसके लिए मोदी सरकार ने कई कदम उठाने की घोषणा की है। पहले मोदी सरकार ने देश के करीब 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन देने की योजना को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया। अब भारत ब्रांड के तहत सस्ते चावल बेचने की तैयारी है। इसके पहले मोदी सरकार भारत ब्रांड के तहत सस्ती दाल और सस्ते आटे भी बेचने की शुरुआत कर चुकी है। यूं अभी भारत ब्रांड चावल की कीमत तय नहीं हुई है, लेकिन बताया जाता है कि इसका दाम 25 रुपये किलो हो सकता है। इस चावल को सरकारी दुकानों से बेचने की तैयारी है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक मध्यमवर्गीय को महंगे चावल से राहत दिलाने के लिए भारत ब्रांड चावल बेचने की तैयारी है। इसी तरह से पहले से भारत ब्रांड दाल और आटे की बिक्री की जा रही है। भारत ब्रांड चावल बेचने की जिम्मेदारी नेफेड और एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार जैसे संगठनों को दी जाएगी। कोशिश की जा रही है कि इस चावल को पैककर जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों यानी राशन डीलरों के जरिये भी बिकवायी जाए। बीते कुछ समय से चावल की कीमत में लगतार बढ़ोतरी हो रही है।

इस साल चावल की कीमतों में 14.1 फीसदी तक की तेजी देखने को मिली है। नॉर्मल नॉन ब्रांडेड चावल की कीमत औसत रूप से 43.3 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। इसके बाद चावल के दामों में आई तेजी को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने भारत ब्रांड के तहत सस्ता चावल बेचने का फैसला किया।


**एफसीआई से मिलेगा सस्ते चावल**

एनसीसीएफ (एनसीसीएफ) के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से सस्ते चावल की सप्लाई होगी। इसकी छोटी पैकिंग करा के चावल को रिटेल स्टोर या राशन डीलरों के जरिए बेचा जा सकता है। छोटी पैकिंग कितने किलो की होगी, इस सवाल पर उन्होंने बताया कि अभी इसका फैसला नहीं हुआ है। हो सकता है कि चावल की पैकिंग पांच किलो की हो या 10 किलो की हो।

## प्रबंधन परियोजना को विश्व बैंक से मिलेंगे करोडों रुपए

### -विश्व बैंक और वित्त मंत्रालय ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली ।** बाढ़ प्रबंधन और अतिरिक्त पानी को सूखाग्रस्त मराठवाड़ा क्षेत्रों में स्थानांतरित करने महाराष्ट्र के कोल्हापूर और सांगली जिलों में विश्व बैंक से करोडों रुपए मिलेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को विश्व बैंक और वित्त मंत्रालय ने मंजूरी दी है। यह परियोजना की लागत 3,300 करोड़ रुपये की है, जिसमें विश्व बैंक 2,328 करोड़ रुपये और राज्य सरकार 998 करोड़ रुपये का योगदान देगी। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने दी। इसके अलावा, एकीकृत जल प्रबंधन और निगरानी प्रणाली के माध्यम से अतिरिक्त पानी को सूखाग्रस्त मराठवाड़ा में ले जाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह परियोजना कोल्हापूर और सांगली जिलों में बाढ़ से राहत प्रदान करने और मराठवाड़ा में सूखे की समस्या को दूर करने में मदद करेगी। यह परियोजना महाराष्ट्र के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। यह परियोजना कोल्हापूर और सांगली जिलों में बाढ़ के जोखिम को कम करने और मराठवाड़ा में सिंचाई सुविधाओं में सुधार करने में मदद करेगी।इस परियोजना के तहत कृष्णा और भीमा नदी घाटी में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके विविध काम पूरे किए जाएंगे। इनमें बाढ़ रेखाओं का निर्धारण, नदियों की गहराई बढ़ाना, गाद निकालना आदि शामिल हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in